website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 217 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लौटे कैप्टन शुभांशु शुक्ला, पीएम मोदी ने जताई खुशी

दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री 18 दिन बाद स्पेस से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 23 घंटे के सफर बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया के समुद्र पर लैंड किया। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले शाम आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर हर्ष जताया है। उन्होंने अंतरिक्ष से धरती पर लौटने की इस यात्रा को मील का पत्थर करार दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म के जरिए कहा, "मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।"

वहीं, स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ड्रैगन के सुरक्षित उतरने की पुष्टि हो गई है। एस्ट्रोपैगी, शक्स, एस्ट्रो_स्लावोज़ और टिबी, पृथ्वी पर आपका स्वागत है!"

कैप्टन शुभांशु शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुए थे। वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। राकेश शर्मा ने यह यात्रा 1984 में की थी।

जब अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वातावरण में लौट रहा था, तो 18 मिनट का डी-ऑर्बिट बर्न हुआ, जो प्रशांत महासागर के ऊपर हुआ। इस दौरान यान ने पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू की। अंतरिक्ष यान के वायुमंडल में प्रवेश करते समय, करीब सात मिनट तक यान से संपर्क टूट गया था। इसे ब्लैकआउट पीरियड कहा जाता है। यह आमतौर पर उस समय होता है, जब यान तेज गति और गर्मी के कारण सिग्नल नहीं पकड़ पाता।

वापसी की प्रक्रिया में यान के ट्रंक (पिछला हिस्सा) को अलग किया गया और हीट शील्ड को सही दिशा में लगाया गया, ताकि यान को वायुमंडल में प्रवेश करते समय



सुरक्षा मिल सके। उस समय यान को करीब 1,600 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी का सामना करना पड़ा। अंतरिक्ष यान की सफल लैंडिंग के दौरान पैराशूट दो चरणों में खोले गए।

स्पेसएक्स ने बताया कि अप्रैल में एफआरसीएम-2 मिशन के जरिए ड्रैगन यान को पहली बार पश्चिमी तट (कैलिफोर्निया) पर उतारा गया था। यह दूसरा मौका था, जब ड्रैगन यान ने इंसानों को लेकर कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग की। इससे पहले, स्पेसएक्स के ज्यादातर स्प्लैशडाउन (समुद्र में उतरने) अटलांटिक महासागर में होते थे।

आईएसएस पर अपने दो सप्ताह से अधिक के प्रवास के दौरान, शुभांशु शुक्ला ने कुल 310 से ज़्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की और लगभग 1.3 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। यह दूरी पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 33 गुना अधिक है, जो अपने आप में एक शानदार उपलब्धि है। अंतरिक्ष मिशन के दौरान चालक दल ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 300 से ज्यादा सूर्योदय और सूर्यास्त देखे — जो पृथ्वी की तेज परिक्रमा की वजह से संभव हुआ।

इसी बीच, इसरो ने सोमवार को बताया कि शुभांशु शुक्ला ने अपने मिशन के दौरान सभी सात सूक्ष्म-गुरुत्व प्रयोग और अन्य नियोजित वैज्ञानिक गतिविधियाँ सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं। इसरो ने इसे "मिशन की एक बड़ी उपलब्धि" बताया है।

## हाईकोर्ट कहीं मुख्यमंत्री को न बुला ले! डोटासरा का तंज

### -शाह के दौरे से भाजपा में मची खलबली



जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पर एक बार फिर निशाना साधा है। एसआई भर्ती मामले में हाईकोर्ट द्वारा लगातार अफसरों को तलब किए जाने पर डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि कहीं हाईकोर्ट मुख्यमंत्री को न बुला ले कि छह महीने **में आपने फैसला क्यों नहीं किया?**

डोटासरा ने कहा कि सरकार में माफिया हावी हैं। सत्ताधारी पार्टी के विधायक बजरी माफिया पर कार्रवाई रोकने के लिए डीएसपी के पैर पकड़ रहे हैं। जनता के बीच सरकार की साख खत्म हो रही है।

**शाह के दौरे से भाजपा में उथल-पुथल**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जयपुर दौरे को लेकर डोटासरा ने कहा कि शाह के दौरे से भाजपा में खलबली मची हुई है। कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा, "अमित शाह आ रहे हैं, तो भाजपा में कुछ न कुछ उथल-पुथल होनी तय है।"

**अतिवृष्टि में जनता को छोड़ दिया उसके हाल पर**

प्रदेश में अतिवृष्टि से कई इलाके जलमग्न होने पर डोटासरा ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने इस पर ट्वीट तक नहीं किया, न ही कोई मंत्री या विधायक प्रभावित इलाकों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है और अब जनता जान चुकी है कि सरकार नहीं, सर्कस चल रही है।

**आरपीएससी पुनर्गठन के वादे से मुकर गई सरकार**

डोटासरा ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा नेता कहते थे कि आरपीएससी को भंग करेंगे, लेकिन अब तीन और मेंबर बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सात से दस मेंबर होने से क्या फर्क पड़ेगा? पारदर्शिता की बात कहकर युवाओं और जनता को भ्रमित किया गया और अब वादों से मुकर रहे हैं।

**सरकार के पास नहीं है पैसे, अस्पतालों का बकाया तक नहीं चुकाया**

डोटासरा ने कहा कि आज सरकार के पास किसी भी विभाग के लिए पैसा नहीं है। हालात ऐसे हैं कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन देने में भी मुश्किल आ रही है। भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 800 कामों की समीक्षा करने की बात कही थी, लेकिन उसका क्या हुआ, यह बताने वाला कोई नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आरजीएचएस और 25 लाख तक के फ्री इलाज की योजनाओं में भी लोग लाभ नहीं ले पा रहे हैं क्योंकि सरकार ने डेढ़ साल में अस्पतालों के बकाया का भुगतान नहीं किया। ऐसे में निजी अस्पताल इलाज कैसे करेंगे, यह सरकार को सोचना चाहिए।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि लोकतंत्र और मर्यादा की सीमाएं पार कर चुके हैं। प्रदेश में प्यार, मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ावा देने की बजाय नफरत का माहौल बनाया जा रहा है।

## AIMIM का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

### -कोर्ट बोला- जाति आधारित पार्टियां देश के लिए भी खतरनाक



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) का राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जातिगत आधार पर राजनीतिक दल बनाना देश के लिए खतरनाक हो सकता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि AIMIM के संविधान के अनुसार यह अल्पसंख्यकों समेत समाज के हर पिछड़े वर्ग के लिए काम करने का उद्देश्य रखती है। यह बात AIMIM के संविधान में भी स्पष्ट रूप से दर्ज है।

**हाईकोर्ट के आदेश को दी गई थी चुनौती**

यह याचिका तिरुपति नरसिम्हा मुरारी की ओर से दायर की गई थी, जिसमें 16 जनवरी को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने AIMIM के पंजीकरण और मान्यता को चुनौती देने वाली याचिका को पहले ही खारिज कर दिया था।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने याचिकाकर्ता की ओर से दलीलें पेश कीं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकती।

**रिट याचिका दाखिल करने की दी छूट**

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एडवोकेट विष्णु शंकर जैन से दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने को कहा। हालांकि कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह छूट दी कि वह एक नई रिट याचिका दाखिल कर सकता है, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर राजनीतिक दलों में सुधारों की मांग की जा सकती है।

**जाति-धर्म आधारित पार्टियों पर कोर्ट की टिप्पणी अहम**

कोर्ट ने कहा कि जाति या धर्म आधारित राजनीतिक दल बनना देश की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा हो सकता है। हालांकि इस मामले में AIMIM के संविधान में अल्पसंख्यकों सहित सभी पिछड़े वर्गों के लिए काम करने की बात कही गई है, इसलिए इस आधार पर रजिस्ट्रेशन रद्द नहीं किया जा सकता।

## अमरनाथ यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह, 2.20 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

एजेंसी । अमरनाथ यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले 12 दिनों में 2.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। इसके साथ ही मंगलवार को जम्मू से 6,388 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए कश्मीर रवाना हुआ।

इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 2.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए।

**एक और जत्था दो काफिलों में कश्मीर घाटी के लिए रवाना**

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भगवती नगर यात्री निवास से 6,388 यात्रियों का एक और जत्था दो काफिलों में कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला काफिला, जिसमें 103 वाहनों में 2,501 यात्री थे, सुबह 3:26 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए निकला। दूसरा काफिला, जिसमें 145 वाहनों में 3,887 यात्री थे, सुबह 4:15 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

यात्रियों को पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति मौसम की स्थिति देखने के बाद ही दी जाएगी मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। अधिकारियों ने कहा कि बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस शिविरों से यात्रियों को पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति मौसम की स्थिति देखने के बाद ही दी जाएगी।

**अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह यात्रा पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। 180 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों को सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत बढ़ाने के लिए लाया गया है। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा कर लिया गया सुरक्षित जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुफा मंदिर तक के पूरे रास्ते और दोनों आधार शिविरों के रास्ते में सभी पारगमन शिविरों को सुरक्षा बलों ने सुरक्षित कर लिया है। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ,



एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है।

**तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में लगते हैं चार दिन**

पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं। तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं। वहीं, छोटे बालटाल मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए 14 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है और यात्रा पूरी करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौटना पड़ता है। सुरक्षा कारणों से इस वर्ष यात्रियों के लिए कोई हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध नहीं है।

**9 अगस्त को समाप्त होगी अमरनाथ यात्रा**

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई और 38 दिनों के बाद 9 अगस्त को समाप्त होगी, जो श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन का दिन है। अमरनाथ यात्रा भक्तों के लिए सबसे पवित्र धार्मिक तीर्थयात्राओं में से एक है, क्योंकि किंवदंती है कि भगवान शिव ने इस गुफा के अंदर माता पार्वती को शाश्वत जीवन और अमरता के रहस्य बताए थे।

## लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार हरे निशान में बंद



एजेंसी। लगातार चार कारोबारी दिनों तक गिरावट झेलने के बाद भारतीय शेयर बाजार ने मंगलवार को मजबूती दिखाई और हरे निशान में बंद हुआ। बाजार की इस तेजी के पीछे मजबूत घरेलू संकेतों को अहम वजह माना जा रहा है, जिससे निवेशकों में विश्वास लौटा। कारोबारी दिन के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 317.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,570.91 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 113.50 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,195.80 के स्तर पर पहुंच गया।

मंगलवार को मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सेंसेक्स और निफ्टी के मुकाबले ज्यादा खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 560.10 अंक (0.95%) बढ़कर 59,612.65 और स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 163.50 अंक (0.98%) बढ़कर 19,135.25 पर बंद हुआ।

वहीं सेक्टोरल आधार पर देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी सेक्टरों में खरीदारी देखने को मिली और सभी प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में सनफार्मा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा (M&M), बजाज फाइनेंस, एसबीआई, इन्फोसिस, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और टेक महिंद्रा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। वहीं, एचसीएल टेक, जोमैटो (इटरनल), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट देखी गई।

एसबीआई सिक्योरिटीज में टेक्निकल एंड डेरिवेटिव रिसर्च के प्रमुख सुदीप शाह ने बताया कि निफ्टी ने चार दिन की गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए 0.45% की तेजी के साथ 25,195.80 पर बंद होकर एक मजबूत सुधार का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टरों में खरीदारी देखने को मिली, जो व्यापक बाजार धारणा में मजबूती को दर्शाता है। निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी और हेल्थकेयर सेक्टर इस तेजी की अगुवाई में रहे।

## 3 दिन में दूसरी बार लेट हुई जयपुर-दुबई फ्लाइट: 11 घंटे की देरी, पैसेंजर्स परेशान



जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट का फ्लाइट शेड्यूल एक बार फिर बिगड़ गया है। तीन दिन में दूसरी बार जयपुर से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट SG-57 को आखिरी वक्त पर रीशेड्यूल करना पड़ा। अब यह फ्लाइट अपने तय समय से 11 घंटे देरी से रात 8:30 बजे दुबई के लिए रवाना होगी।

फ्लाइट में देरी की वजह से जयपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैसेंजर सुबह 6:30 बजे से ही एयरपोर्ट पर पहुंचना शुरू हो गए थे, लेकिन बार-बार समय बदलने की वजह से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

**इनकमिंग एयरक्राफ्ट की देरी बनी वजह**

स्पाइसजेट की फ्लाइट SG-57 को सुबह 9:30 बजे जयपुर से उड़ान भरनी थी और दोपहर 12:55 बजे दुबई पहुंचना था। लेकिन इनकमिंग एयरक्राफ्ट की देरी की वजह से स्पाइसजेट ने आखिरी समय में फ्लाइट का शेड्यूल बदल दिया। अब यह फ्लाइट शाम 8:30 बजे दुबई के लिए रवाना होगी।

**दुबई से आने वाली फ्लाइट भी 8 घंटे लेट**

इसी तरह दुबई से जयपुर आने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट SG-58 भी अपने निर्धारित समय से 8 घंटे देरी से उड़ान भर रही है। इसे अलसुबह 3:40 बजे दुबई से रवाना होना था, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से यह फ्लाइट दोपहर 11:32 बजे दुबई से रवाना हुई। अब इसके शाम 4:35 बजे जयपुर पहुंचने की उम्मीद है।

**यात्रियों की बढ़ी परेशानी**

स्पाइसजेट द्वारा अचानक शेड्यूल में बदलाव के कारण दुबई जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों ने बताया कि वे सुबह से ही एयरपोर्ट पर बैठे हुए हैं और बार-बार फ्लाइट की टाइमिंग बदलने से उनकी आगे की यात्रा और होटल बुकिंग में दिक्कतें आ रही हैं।

**पहले भी हो चुकी है देरी**

गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बार है जब जयपुर-दुबई फ्लाइट को इतनी देर से उड़ान भरनी पड़ रही है। यात्रियों ने एयरलाइन से मांग की है कि ऐसे हालात में उन्हें उचित सूचना समय पर दी जाए और एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए बैठने, खाने और अन्य व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

## रक्षा मंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला वापसी पर जताई खुशी

दिल्ली, (एजेंसी)। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने ISS (अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन) पर भारत के पहले मानव मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए आज मंगलवार को पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला से बात की। रक्षा मंत्री ने उनकी वापसी पर खुशी जताई और उनके पिता से कहा कि पूरे देश को उन पर गर्व है। शुभांशु 18 दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, "ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए



एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।"

IAF ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, "ये भावुक पल है, बच्चे को देखकर बहुत अच्छा लगा रहा है। उसकी यात्रा अच्छी रही और हमारी बात होती रहती थी। ईश्वर को बहुत-बहुत धन्यवाद उसका मिशन पूरा हुआ। हम सभी देशवासियों का भी धन्यवाद करते हैं। हम उसका बहुत अच्छे तरीके से स्वागत करेंगे।" उन्होंने कहा कि शुभांशु सकुशल पृथ्वी पर आ गया। हमारी यही इच्छा थी कि हमारा बच्चा सकुशल पृथ्वी पर वापस आ जाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बच्चे को आर्शीवाद दिया और हमें बधाई दी।

## जयपुर में पांच मंजिला अपार्टमेंट के फ्लैट में भीषण आग

### - 10 लाख का सामान जलकर खाक



जयपुर। जयपुर में मंगलवार सुबह एक पांच मंजिला अपार्टमेंट के फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग बंद पड़े फ्लैट में शॉर्ट सर्किट होने से लगी। घटना मानसरोवर स्थित इंजीनियर कॉलोनी के श्रीश्याम हाइट्स अपार्टमेंट की है, जहां तीसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने से करीब 10 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लपटें देख मचा हड़कंप**

फायर ऑफिसर देवांग यादव ने बताया कि श्रीश्याम हाइट्स में तीसरी मंजिल पर रश्मी देवी का फ्लैट है। मंगलवार सुबह करीब 7:45 बजे बंद फ्लैट से अचानक धुंआ निकलना शुरू हुआ। कुछ ही देर में फ्लैट से भीषण आग की लपटें उठने लगीं। लपटें देखकर अपार्टमेंट में रहने वाले अन्य लोग दहशत में आ गए और अपने-अपने फ्लैट छोड़कर बाहर निकल आए।

**एक घंटे में काबू पाई आग, दो फ्लैट और आए चपेट में**

आग की सूचना पर मानसरोवर फायर स्टेशन से तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग इतनी भीषण थी कि पास के सरिता जैन और मनीष शर्मा के फ्लैट भी इसकी चपेट में आ गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

## प्रधानमंत्री ने फौजा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया




दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फौजा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया जिनके असाधारण व्यक्तित्व और मजबूत विचारधारा ने उन्हें पीढ़ियों तक प्रेरणा का स्रोत बनाया। प्रधानमंत्री ने उन्हें अविश्वसनीय दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट के रूप में सम्मानित किया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा: "फौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वे अद्‌त दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से मुझे बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं।"

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## बहुत प्राचीन है विद्रोही साहित्य: चुप्पी तोड़िए, बोलना ज़रूरी

हम जिस दौर में जी रहे हैं, वहां बोलना कई बार मुश्किल बना दिया जाता है। डर, दबाव, या समाज की बनावटी शांति के नाम पर चुप रहने को समझदारी कहा जाने लगता है। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब समाज में अन्याय बढ़ा, तब-तब विद्रोही साहित्य ने जन्म लिया। यह साहित्य कोई नया चलन नहीं है, बल्कि बहुत प्राचीन है। कबीर, तुलसी, बुल्ले शाह से लेकर प्रेमचंद और फ़ैज़ तक, सबने अपने दौर में बोलने की हिम्मत दिखाई। उन्होंने समाज की खामोशी को तोड़ने का काम किया और हमें सिखाया कि सच बोलना ज़रूरी है। विद्रोही साहित्य दरअसल वह आवाज़ है, जो दबे-कुचले लोगों की तरफ से बोलती है। यह सिर्फ तख्त और ताज के खिलाफ बगावत नहीं करता, बल्कि सोच और नजरिए में भी बदलाव की मांग करता है। जब कबीर ने कहा, "पंडित कहे कागद की लेखी, मैं कहता आंखिन की देखी," तब उन्होंने समाज में फैली झूठी धार्मिकता पर सवाल उठाया। इसी तरह तुलसीदास ने 'रामराज्य' का सपना दिखाया, जो असल में न्याय, करुणा और समानता पर खड़ा था। यह सब विद्रोही साहित्य की ही शक्लें थीं, जिनका मकसद व्यवस्था की कमियों पर उंगली रखना था। जब अंग्रेज़ी हुकूमत ने भारत में लोगों की आवाज़ दबानी चाही, तब भारतेन्द, प्रेमचंद और मंटो जैसे लेखक अपनी कलम को हथियार बनाकर सामने आए। उन्होंने गरीबी, भेदभाव और गुलामी पर लिखकर लोगों में चेतना जगाई। प्रेमचंद के 'गोदान' में जब होरी मरता है, तो वह सिर्फ एक किसान की मौत नहीं, बल्कि उस शोषण व्यवस्था पर करारा तमाचा है, जिसने उसे मरने पर मजबूर किया। यह विद्रोह की ही भाषा थी, जो कहानी और उपन्यास के जरिए लोगों तक पहुंची और उन्हें सोचने पर मजबूर कर गई। फैज़ अहमद फैज़ की शायरी में भी विद्रोह की महक है। उन्होंने कहा था, "बोल कि लब आज़ाद हैं तेरे," यह महज एक शेर नहीं, बल्कि उन सबके लिए पैगाम है, जो चुप रहकर अन्याय को सह रहे हैं। फैज़ ने हमें बताया कि अगर जुबान खामोश रहेगी, तो जुल्म बढ़ता जाएगा, इसलिए बोलना ज़रूरी है। आज के दौर में भी, जब सोशल मीडिया और टेक्नोलॉजी ने हर इंसान को बोलने का मंच दिया है, तब भी सच बोलना उतना ही मुश्किल है। सत्ताओं की नाराजगी, समाज का डर और ट्रोलिंग का खौफ, लोगों को खामोश रहने पर मजबूर करता है। लेकिन अगर हम सच में बदलाव चाहते हैं, तो हमें बोलना होगा। चाहे वह लैंगिक समानता की बात हो, चाहे जातिगत भेदभाव की, चाहे धार्मिक कट्टरता की, हर अन्याय के खिलाफ बोलना ज़रूरी है। विद्रोही साहित्य हमें हिम्मत देता है कि हम अपनी चुप्पी को तोड़ें। यह साहित्य हमें याद दिलाता है कि बोलने वाले ही इतिहास बनाते हैं, और चुप रहने वाले सिर्फ दर्शक बनकर रह जाते हैं। हमारे समाज को आज फिर से ऐसे ही विद्रोही लेखकों की ज़रूरत है, जो समाज के सच को सामने लाकर लोगों में जागरूकता पैदा करें। यह बोलना, लिखना और सवाल पूछना ही असली लोकतंत्र को मजबूत करता है। याद रखिए, चुप्पी हमेशा अन्याय की साथी होती है, और बोलना ही इंकलाब की पहली सीढ़ी है। इसलिए चुप्पी तोड़िए, क्योंकि बोलना ज़रूरी है।

# सुधख़ोरी और रिश्वत के फंदे में फँसी ज़िंदगियाँ: कब होगा इसका अंत?

## -सुधख़ोरी क्या है और कैसे बन गई गरीबों के लिए ज़हर

**भूमिका**

हिन्दस्तान का एक बड़ा तबका आज भी गरीबी और बेबसी की ज़ंजीरों में बंधा हुआ है। ऊपर से सुधख़ोरों और रिश्वतखोरी के सिस्टम ने उसकी ज़िंदगी और भी मुश्किल बना दी है। जहाँ एक तरफ मेहनतकश इंसान रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ रिश्वतखोरी और सुधख़ोरी ने उसकी उम्मीदों का गला घोंट रखा है। गरीब किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार, सरकारी दफ्तरों में काम करवाने वाले और यहाँ तक कि पढ़ाई कर रहे नौजवान भी इस भ्रष्ट व्यवस्था की गिरफ्त में आ चुके हैं।

**सवाल यह है कि इस फंदे का आखिर कब और कैसे अंत होगा?**

सुधख़ोरी क्या है और क्यों यह ज़हर बन गई है? सुधख़ोरी का मतलब होता है ऊँचे ब्याज पर गरीबों को कर्ज देना। ये कर्ज गरीब मजबूरी में लेता है, ताकि बीमारी में इलाज करवा सके, बेटी की शादी कर सके या बुरे वक्त में घर का राशन ला सके। लेकिन ऊँचे ब्याज के कारण कर्ज चुकाना उसके लिए नामुमकिन हो जाता है।

उदाहरण: एक मजदूर ने 20,000 रुपए 5% महीने के हिसाब से ब्याज पर लिए, वह 1 साल में सिर्फ ब्याज में 12,000 रुपए चुका देता है और असल रकम फिर भी बाकी रहती है। कई किसान फसल खराब होने पर सुधख़ोरों से कर्ज लेते हैं और फिर ब्याज में अपनी ज़मीन गंवा देते हैं। सुधख़ोरी कानूनी तौर पर अपराध है, मगर गांव और छोटे शहरों में यह आज भी धड़ल्ले से चल रही है। पुलिस और प्रशासन तक सुधख़ोरों की पकड़ होने की वजह से गरीब इंसान न्याय के लिए भी कहीं नहीं जा पाता।

**रिश्वतखोरी कैसे आम आदमी की कमर तोड़ रही है?**

रिश्वतखोरी का नेटवर्क देश के हर कोने में फैला हुआ है। गरीब से गरीब इंसान जब सरकारी दफ्तर में कोई काम करवाने जाता है, तो उसे पहले "तेल-पानी" देने के लिए कहा जाता है। राशन कार्ड बनवाना हो, पेंशन लगवानी हो, किसान सब्सिडी लेनी हो, अस्पताल में इलाज करवाना हो या पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवानी हो, हर जगह रिश्वत देनी पड़ती है।

कुछ सच्चे दृश्य: गरीब महिला विधवा पेंशन के लिए तहसील जाती है, बाबू कहता है "2000 रुपए लाओ, तभी काम होगा।" किसान अपनी जमीन का नामांतरण करवाने जाता है, पटवारी कहता है "5000 रुपए दो, वरना फाइल आगे नहीं बढ़ेगी।" बेरोजगार नौजवान पुलिस में भर्ती होना चाहता है, उससे 2 लाख रुपए की डिमांड की जाती है। रिश्वतखोरी ने न केवल ईमानदारी को खत्म किया है, बल्कि गरीबों की उम्मीदों को भी कुचल दिया है। सरकारी सिस्टम में बैठे कुछ लोग रिश्वत लेकर इंसाफ और हक को बेच रहे हैं।

**सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी में सम्बन्ध**

ये दोनों बीमारियाँ गरीब और मिडिल क्लास की ज़िंदगी को तबाह कर रही हैं। जब इंसान रिश्वत देकर अपना हक हासिल करने की कोशिश करता है, तब उसके पास पैसा नहीं होता। मजबूरी में वह सुधख़ोरों से कर्ज लेता है। रिश्वत के बाद भी काम होने की गारंटी नहीं रहती और सुधख़ोरी के ब्याज में उसकी ज़िंदगी उलझ जाती है। इस तरह रिश्वतखोरी और सुधख़ोरी का यह गठजोड़ गरीब को हर तरफ से जकड़ लेता है।

**गरीब क्यों फँस जाता है इस फंदे में?**

1 सिस्टम की कमजोरी: कानून होते हुए भी सुधख़ोरों पर कार्रवाई नहीं होती। रिश्वतखोरी पर रोक नहीं लगती।

2 गरीबी और मजबूरी: गरीब के पास न तो बैंक गारंटी होती है, न विकल्प।

3 अशिक्षा: लोग अपने हक और कानून नहीं जानते।

4 भ्रष्ट तंत्र: पुलिस और प्रशासन में मिलीभगत रहती है।

5धीमी न्याय व्यवस्था: गरीब अदालत तक नहीं जा पाता, और जाए भी तो फैसले में सालों लग जाते हैं।




सरकार की योजनाएँ और उनकी हकीकत

सरकार ने सुधख़ोरी रोकने के लिए माइक्रोफाइनेंस और स्व-सहायता समूह योजनाएँ चलाईं, पर जमीनी हकीकत यह है कि ये भी भ्रष्ट तंत्र के कारण गरीब तक पूरी नहीं पहुँच पाती। बैंक लोन की प्रक्रिया इतनी पेचीदा है कि अनपढ़ गरीब इंसान के लिए उसे लेना नामुमकिन हो जाता है। कई योजनाओं में दलाल और बिचौलिए सक्रिय रहते हैं, जो गरीब से कमीशन के नाम पर पैसे वसूल लेते हैं।

**इस फंदे का अंत कैसे होगा?**

अब सवाल यह है कि इस सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी का अंत कब और कैसे होगा। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने जरूरी हैं:

**1 कानूनी सख्ती:**

सुधख़ोरी पर सख्त कार्रवाई हो, सुधख़ोरों की संपत्ति जब्त की जाए।

रिश्वत लेते पकड़े जाने पर सरकारी मुलाजिम की तुरंत बर्खास्तगी और जेल की सजा हो।

एंटी करप्शन हेल्पलाइन को प्रभावी बनाया जाए, ताकि आम आदमी शिकायत कर सके।

**2जनजागरूकता**:

गरीब और आम आदमी को उसके हक और योजनाओं की जानकारी दी जाए।

गांव-गांव में जागरूकता शिविर लगाकर सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी के खिलाफ शिक्षित किया जाए।

**3 डिजिटलीकरण:**

सरकारी कामकाज पूरी तरह ऑनलाइन हो, ताकि रिश्वतखोरी की गुंजाइश खत्म हो।

सब्सिडी, पेंशन और सहायता राशि सीधे बैंक खातों में जाए।

**4 समाज का सहयोग:**

सुधख़ोरी के मामलों में समाज खुद सामने आकर आवाज उठाए।

रिश्वतखोरी रोकने के लिए नागरिक खुद रिश्वत न देने का संकल्प लें और हिम्मत दिखाएँ।

समाज में इसके खात्मे के लिए इमाम और विद्वानों की जिम्मेदारी मस्जिदों, मंदिरों, चर्चों और गुरुद्वारों से भी इस मुद्दे पर बोलना जरूरी है। इमाम और विद्वान सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी को हराम और पाप बताकर लोगों को जागरूक कर सकते हैं। गरीब को सिखाया जाए कि अल्लाह पर भरोसा रखें, सुधख़ोरों से कर्ज लेने के बजाय मेहनत कर, सब्र कर और हलाल रास्ते से अपनी मुश्किल हल करने की कोशिश करे। इसी तरह सरकारी कर्मचारियों को भी समझाया जाए कि रिश्वत लेकर वह अपने बच्चों का पेट तो भर सकते हैं, लेकिन अल्लाह की नाराजगी और इंसानियत का गुनाह खरीद रहे हैं।

**सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी का इस्लाम में हुक्म**

इस्लाम में ब्याज को सख्त हराम करार दिया गया है। कुरआन में कहा गया है:

"अल्लाह ने व्यापार को हलाल और सूद को हराम कर दिया है

लानत है सूद लेने वाले पर, सूद देने वाले पर, सूद लिखने वाले पर और उस पर जो इसके गवाह बनते हैं।

इसी तरह रिश्वत लेने और देने दोनों को इस्लाम में हराम और जहन्नम में ले जाने वाला अमल बताया गया है।

**करप्शन और सुधख़ोरी का असर अगली नस्लों पर**

जब गरीब इंसान सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी के जाल में फँस जाता है, तो उसकी अगली नस्ल भी शिक्षा से दूर रह जाती है। गरीबी के कारण बच्चा स्कूल छोड़कर मजदूरी करने लगता है। इसके कारण एक गरीब परिवार सदियों तक गरीबी और जिल्लत में ही जीता रह जाता है। इसलिए इस फंदे को काटना बेहद ज़रूरी है, ताकि आने वाली नस्लें बेहतर तालीम और बेहतर ज़िंदगी हासिल कर सकें।

**असली ताकत आम आदमी के हाथ में है**

भ्रष्टाचार और सुधख़ोरी का अंत तभी होगा जब आम आदमी जागेगा। अगर हर इंसान रिश्वत देने से इंकार कर दे और अपनी आवाज उठाए, तो कोई भी रिश्वतखोर टिक नहीं पाएगा। यदि समाज सुधख़ोरी को खत्म करने के लिए सामूहिक कदम उठाए, तो सुधख़ोरों की हिम्मत नहीं पड़ेगी गरीब का खून चूसने की। सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी ने गरीब और मेहनतकश इंसान की ज़िंदगी को जहन्नुम बना दिया है। यह फंदा तब टूटेगा जब:

**कानून सख्त और ईमानदारी से लागू होगा।**

समाज में जागरूकता फैलाई जाएगी।

लोग अपने हक के लिए डटकर खड़े होंगे।

सरकारी सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल बनेगा।

हर इंसान को समझना होगा कि ये बीमारियाँ केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या हैं। जब तक हम खुद इसके खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक यह बीमारी हमारी नस्लों को खा जाएगी। आज जरूरत है कि हम मिलकर सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी के खिलाफ जंग छेड़ें और एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ मेहनत की कमाई से इंसान इज़्ज़त और चैन की ज़िंदगी जी सके, और जहाँ इंसाफ को पैसे की ताकत से नहीं, इंसानियत और कानून की ताकत से हासिल किया जा सके। भारत में गरीब और मजदूर वर्ग पहले ही गरीबी और बेबसी से जूझ रहा है, ऊपर से सुधख़ोरी और रिश्वतखोरी ने उसकी ज़िंदगी और मुश्किल कर दी है।

---

# हवाई वोल्केनोज नेशनल पार्क: जहाँ विनाश और सृजन साथ-साथ चलते

## - एक ऐसी धरती जहाँ लावा की आग से नई ज़िन्दगी जन्म लेती है

हवाई का नाम लेते ही आपके ज़हन में खूबसूरत समंदर, नारियल के पेड़ और नीला आसमान आता होगा। लेकिन इसी हवाई में एक ऐसी जगह भी है जहाँ धरती की गहराई से आग निकलकर बाहर आती है, और वह आग विनाश भी लाती है और नए जीवन की शुरुआत भी करती है। यह जगह है हवाई वोल्केनोज नेशनल पार्क, जो हवाई द्वीप (जिसे बिग आइलैंड भी कहा जाता है) पर स्थित है। यह पार्क अमेरिका के सबसे अनोखे और महत्वपूर्ण नेशनल पार्क्स में से एक है जहाँ आप जीवित ज्वालामुखी को अपनी आँखों से देख सकते हैं। यहाँ आपको धरती की ताकत, उसकी विनाशक शक्ति और उसी राख और लावा से उपजने वाली हरियाली, फूल, और नये जीवन की शुरुआत देखने को मिलती है। यही कारण है कि इसे "जहाँ विनाश और सर्जन साथ दिखाई देते हैं" कहा जाता है।

**पार्क की स्थापना और महत्व**

हवाई वोल्केनोज नेशनल पार्क की स्थापना 1916 में हुई थी। यह पार्क किलाउआ (Klauea) और माउना लोआ (Mauna Loa) जैसे दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों का घर है। यह पार्क 3,30,000 एकड़ में फैला हुआ है और यहाँ लावा के मैदान, ज्वालामुखीय गुफाएँ, वर्षावन और अनोखी वनस्पति-पशुप्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह पार्क यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी सूचीबद्ध है और लाखों सैलानी हर साल इस जगह को देखने के लिए आते हैं।

**किलाउआ ज्वालामुखी: विनाश और रचना की प्रयोगशाला**

किलाउआ ज्वालामुखी 1983 से लगातार सक्रिय है और इसने हाल के वर्षों में भी कई बार लावा प्रवाह से आसपास के इलाकों को प्रभावित किया है। लेकिन इसी लावा के बहने की वजह से नए द्वीप बनते हैं, जमीन में पोषक तत्व पहुँचते हैं और नए पेड़-पौधे उगने लगते हैं। जब लावा बहते हुए समंदर में गिरता है तो पानी में भाप उठती है और धीरे-धीरे नई भूमि बनती है। यही प्रक्रिया हवाई के भूगोल को लगातार बदलती रहती है।

**पार्क में क्या-क्या देखने को मिलता है?**

1क्रेटर रिम ड्राइव और चेन ऑफ क्रेटर्स रोड

इस सड़क से सफर करते हुए आप ज्वालामुखीय क्रेटर्स, भाप निकलते वेंट्स और लावा के पुराने मैदान देख सकते हैं। यहाँ से आपको किलाउआ का स्टीम निकलता गड्ढा और उसके चारों ओर बनी काली ज़मीन दिखाई देती है।

2थर्स्टन लावा ट्यूब (Nhuku)

यह एक ज्वालामुखी गुफा है जो गर्म लावा के बहने से बनी थी। यह गुफा लगभग 500 साल पुरानी है और इसे लावा ट्यूब में वॉक करके देखने का अलग ही अनुभव है।

3 हालिमा'उमाउ क्रेटर

यह किलाउआ का सक्रिय क्रेटर है और माना जाता है कि यहाँ हवाई की ज्वालामुखी देवी पेले का निवास है। यहाँ कभी-कभी लाल रंग का लावा उफनता दिखाई देता है, जो अंधेरे में देखने पर अद्‌त नज़ारा पेश करता है।

4हाइकिंग ट्रेल्स

यहाँ कई खूबसूरत ट्रेल्स हैं जैसे किलाउआ इकी ट्रेल, देवास्तेशन ट्रेल, पुहु लाहुआ ट्रेल, जहाँ चलते हुए आप काले लावा मैदान, ज्वालामुखीय चट्टानें, छोटे क्रेटर, और हरे-भरे जंगल देख सकते हैं।

**कैसे बनता है नया जीवन लावा पर?**

लावा जब ठंडा होता है तो वह काली कठोर चट्टान में बदल जाता है। शुरुआत में वह निर्जीव लगता है, लेकिन बारिश और हवा में मौजूद बीजों की वजह से उस पर काई और छोटी-छोटी घास उगने लगती है। धीरे-धीरे वह इलाका पौधों और पेड़ों से भरने लगता है। पार्क के भीतर कई जगह आप देखेंगे कि पुराने लावा फ्लो पर पेड़ उग आये हैं, फूल खिल गए हैं



और पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती है। यह साबित करता है कि विनाश के बाद सृजन निश्चित है।

हवाई संस्कृति और ज्वालामुखी

हवाई की संस्कृति में ज्वालामुखियों का विशेष स्थान है। यहाँ के लोग ज्वालामुखियों को न सिर्फ प्राकृतिक ताकत मानते हैं, बल्कि उन्हें देवी पेले का रूप मानकर पूजा भी करते हैं। उनका मानना है कि पेले का गुस्सा जब फूटता है, तभी ज्वालामुखी लावा उगलता है और जब वह शांत होती है, तब द्वीप पर जीवन फूटता है। इसलिए यहाँ के लोग ज्वालामुखियों से डरते नहीं, बल्कि सम्मान करते हैं और इस विनाशकारी ताकत को भी जीवन देने वाली शक्ति मानते हैं।

**पार्क में जैव विविधता**

पार्क में कई दुर्लभ पौधे और पक्षी पाये जाते हैं, जैसे हवाईयन हनीक्रीपर पक्षी, सिल्वरस्वॉर्ड पौधा, और हवाई की कई स्थानिक प्रजातियाँ। यहाँ के वर्षावनों में ऑर्किड, फर्न और उष्णकटिबंधीय पौधे पाये जाते हैं, जो लावा के बीच जीवन की कहानी कहते हैं।

**यहाँ घूमने का सही समय**

अप्रैल से अक्टूबर तक का समय घूमने के लिए अच्छा माना जाता है।

यहाँ का मौसम गर्म और नम रहता है, लेकिन ऊँचाई वाले इलाकों में ठंड भी पड़ सकती है।

लावा फ्लो देखने के लिए स्थानीय सूचना और पार्क की वेबसाइट से अपडेट ले लेना उचित रहता है।

**पर्यावरणीय शिक्षा और रिसर्च**

हवाई वोल्केनोज नेशनल पार्क केवल पर्यटन का केंद्र नहीं, बल्कि भू-वैज्ञानिक और पर्यावरणीय शोध का भी प्रमुख स्थान है। यहाँ शोधकर्ता लावा फ्लो, ज्वालामुखीय गतिविधियों, नई ज़मीन बनने की प्रक्रिया और वनस्पतियों के विकास का अध्ययन करते हैं। यह पार्क बच्चों और छात्रों के लिए प्रकृति की प्रयोगशाला है, जहाँ उन्हें सिखाया जाता है कि कैसे धरती के अंदर की ताकतें ग्रह के विकास में योगदान करती हैं।

**पर्यावरण संरक्षण और आपकी भूमिका**

इस पार्क में जाते समय आपको यहाँ की वनस्पति और चट्टानों को नुकसान नहीं पहुँचाने की सलाह दी जाती है। यहाँ से लावा के पत्थर या रेत उठाना भी कानूनन जुर्म है और हवाई के लोग इसे देवी पेले का अपमान मानते हैं। हमें इस जगह के महत्व और पवित्रता का सम्मान करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य को सुरक्षित रखने में अपना योगदान देना चाहिए। हवाई वोल्केनोज नेशनल पार्क हमें यह सिखाता है कि विनाश के बाद ही सृजन होता है। लावा की गर्म लपटें जहाँ घरों और पेड़ों को राख कर देती हैं, वहीं कुछ सालों बाद वही जगह नई हरियाली और जीवन से भर जाती है।

# मौलाना मोहम्मद बरकतुल्लाह: गुमनाम रहकर आज़ादी की लड़ाई लड़ने वाला एक बड़ा नाम

मोहम्मद बरकतुल्लाह भोपाली भी एक भारतीय क्रांतिकारी थे। उनका जन्म 7 जुलाई 1854 को भोपाल के इतवारा मोहल्ले में हुआ था। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए भारत के बाहर से, उग्र भाषणों और प्रमुख समाचार पत्रों में क्रांतिकारी लेखों के साथ लड़ाई लड़ी। वो लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की आवाज़ बुलंद करते रहे और अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को एकजुट करने का काम किया। उन्हें अरबी, फारसी, अंग्रेजी समेत 8 भाषाएं आती थीं। बताया जाता है कि उनके जीवन पर गोपाल कृष्ण गोखले और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का काफी प्रभाव था। वर्ष 1915 में अफ़ग़ानिस्तान में स्थापित भारत की पहली निर्वासित सरकार के वो प्रधानमंत्री भी थे। हालांकि 1927 में सैन फ्रांसिस्को में उनकी मौत हो गई और उन्हें कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में ओल्ड सिटी कब्रिस्तान में दफनाया गया। 1988 में उनके सम्मान में भोपाल विश्वविद्यालय का नाम बदलकर बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय कर दिया गया।

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा**

मौलाना मोहम्मद बरकतुल्लाह का जन्म 7 जुलाई 1854 को भोपाल (मध्यप्रदेश) में एक धार्मिक परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम मुहम्मद कासिम था जो एक अध्यापक थे। बचपन से ही मौलाना बरकतुल्लाह में शिक्षा और इस्लामी अध्ययनों के प्रति गहरी रुचि थी। उन्होंने अरबी, फारसी और उर्दू में शिक्षा प्राप्त की। बाद में अंग्रेजी और अन्य भाषाओं पर भी अच्छी पकड़ बना ली। उनकी शिक्षा ने उन्हें एक ऐसा विद्वान बनाया जिसने धार्मिक और आधुनिक शिक्षा का संगम दिखाया।

**करियर की शुरुआत और देशभक्ति का बीज**

मौलाना बरकतुल्लाह ने प्रारंभ में भोपाल में अध्यापक के रूप में सेवाएँ दीं, लेकिन उनके दिल में देशभक्ति का बीज लगातार पनपता रहा। वह अंग्रेजों के अत्याचारों और भारतीय जनता की हालत को देखकर चिंतित रहते थे। उनकी सोच थी कि जब तक अंग्रेजी हुकूमत का अंत नहीं होता, तब तक भारत में मुसलमान और हिन्द दोनों को ही न्याय और इज़्ज़त नहीं मिल सकती।

**विदेश यात्रा और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका**

इंग्लैंड और अमेरिका में सक्रियता: 1887 में मौलाना बरकतुल्लाह इंग्लैंड चले गए। वहाँ उन्होंने भारतीय विद्यार्थियों और प्रवासियों में स्वतंत्रता का अलख जगाने का काम शुरू किया। उन्होंने अंग्रेजी में भी लेखन शुरू किया और ब्रिटिश साम्राज्य के अत्याचारों को विश्व के सामने उजागर किया। इंग्लैंड में उन्होंने कई क्रांतिकारियों के साथ संपर्क स्थापित किया और विदेशी मंचों पर भारतीय स्वतंत्रता की मांग को उठाया। 1909 में वह अमेरिका गए, जहाँ उन्होंने भारतीय समुदाय के बीच जागरूकता पैदा की। उन्होंने गदर पार्टी के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके प्रमुख नेताओं में शामिल हुए। गदर पार्टी ने अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह का आह्वान किया था।

**जर्मनी और अफगानिस्तान में सक्रियता**

प्रथम विश्व युद्ध के समय मौलाना बरकतुल्लाह जर्मनी गए और वहाँ से भारतीय क्रांतिकारियों की मदद करने लगे। उन्होंने जर्मनी में "जर्मन-इंडियन कमिटी" का गठन किया। 1915 में मौलाना बरकतुल्लाह अफगानिस्तान पहुंचे और मौलवी ओबैदुल्ला सिंधी और अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर काबुल में भारत की अस्थायी सरकार (Provisional Government of India) की स्थापना की, जिसमें मौलाना बरकतुल्लाह को प्रधानमंत्री और राजा महेंद्र प्रताप को राष्ट्रपति नियुक्त किया गया। यह सरकार भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से बनाई गई थी और इसका संदेश पूरी दुनिया में फैलाया गया।

**उनके विचार और लेखन**

मौलाना बरकतुल्लाह ने अपने



लेखों और भाषणों में हिन्द-मुस्लिम एकता पर जोर दिया। उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि अंग्रेजों ने "फूट डालो और राज करो" की नीति अपनाई है, इससे बचने का रास्ता केवल भारतीयों की एकता में है। उनका मानना था कि इस्लाम में अन्याय के खिलाफ खड़े होने का स्पष्ट आदेश है, और अंग्रेजी गुलामी के खिलाफ संघर्ष करना मुसलमानों की धार्मिक जिम्मेदारी भी है।

**उनकी प्रमुख कृतियों में:**

Azadi Ki Jung (उर्दू में),

Indian Nationalism and Islam (अंग्रेजी में),

कई लेख और भाषण जो गदर पार्टी और विदेश में भारतीय अखबारों में प्रकाशित हुए।

गदर पार्टी और भारतीय क्रांतिकारियों से सम्बन्ध

मौलाना बरकतुल्लाह लाला हरदयाल, सोहन सिंह भकना और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के संपर्क में भी रहे। उन्होंने भारतीय युवाओं को हथियार उठाने और विदेशी ताकतों से मदद लेकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि अंग्रेजों को केवल बातों से नहीं हटाया जा सकता बल्कि सशस्त्र संघर्ष भी आवश्यक है। मौलाना बरकतुल्लाह ने अपना पूरा जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में समर्पित कर दिया। उन्होंने परिवार और आराम की ज़िन्दगी छोड़ दी और विदेशों में संघर्षरत रहे। वह भारत लौटना चाहते थे लेकिन अंग्रेजी हुकूमत ने उनके लौटने पर पाबंदी लगा दी। उनके ऊपर कई देशों में नजर रखी गई और उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गई। इसके बावजूद उन्होंने अपने उद्देश्य से समझौता नहीं किया।

**निधन**

मौलाना मोहम्मद बरकतुल्लाह ने अपने जीवन के आखिरी वर्ष अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में बिताए। 20 सितंबर 1927 को वहीं उनका निधन हुआ। वह अपने वतन वापस लौटकर अपने देश की आज़ादी देखने की ख्वाहिश रखते थे, लेकिन यह ख्वाहिश पूरी न हो सकी।

**ऐतिहासिक महत्व**

मौलाना बरकतुल्लाह का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय है:

उन्होंने विदेशों में रहकर स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाई।

भारतीय स्वतंत्रता के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने का प्रयास किया।

गदर पार्टी और अस्थायी सरकार में नेतृत्व भूमिका निभाई।

हिन्द-मुस्लिम एकता के लिए ईमानदारी से संघर्ष किया।

# दिया कुमारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलेट न्यूट्री बार के पायलट वितरण का किया शुभारम्भ

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर में 3 से 6 वर्ष के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के लिए बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार का पायलट वितरण शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाने और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ठहराव के लिए मिलेट न्यूट्री बार वितरण लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि छ महीने बाद पायलट सफल होने पर सीएसआर के सहयोग से इसे राज्य स्तर पर लागू करने के प्रयास किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "श्री अन्न योजना" से प्रेरित होकर नूतन नवाचार के रूप में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु जयपुर एवं उदयपुर ज़िलों के चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों में सी एस आर के सहयोग से बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार का पायलट वितरण शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त मिलेट बार बायो-फोर्टिफाइड बाजरा, गेहूं मूंगफली, गुड़ और शहद से निर्मित है तथा इसमें में पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ज़िंक हैं, जो कि पोषण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

दिया कुमारी ने बताया कि इस नवाचार हेतु GIZ एवं PATH, हार्वेस्ट प्लस संस्था के सहयोग से विभाग द्वारा जयपुर जिले के जयपुर प्रथम, सांगानेर ग्रामीण एवं उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र परियोजना फलासिया को पायलट के तहत चयनित किया गया है। इस योजना के तहत 544 आंगनवाड़ी केंद्रों पर लगभग 10,000 बच्चों को मिलेट न्यूट्री बार वितरित की जाएंगी। प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन 20 ग्राम वजन की एक न्यूट्री बार, सप्ताह में 5 दिन, 6 महीनों तक दी जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहल न केवल बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाएगी, बल्कि उनका आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ठहराव भी बढेगा साथ ही कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी सशक्त बनाएगी।भविष्य में राजस्थान के आई सी डी एस कार्यक्रम में ऐसे नवाचारों को शामिल कर मिलेट ("श्री अन्न") आधारित खाद्य उत्पादों के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने इस अवसर पर बताया कि राजस्थान में बच्चों की पोषण स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल




विकास विभाग के (आईसीडीएस) कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु सतत प्रयास किये जा रहें हैं।

बायोफोर्टीफाइड मिलेट न्यूट्री बार पायलट वितरण शुभारम्भ कार्यक्रम के अवसर पर निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) वासुदेव मलावत, पाथ के डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर एंड हेल्थ सिक्योरिटी डॉ. अंकुर मुथरेजा तथा हार्वेस्ट प्लस, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रविंद्र ग्रोवर सहित गणमान्य जन उपस्थित रहें।

**उप मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के तहत किया पौधरौपण—**
उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर के सेक्टर- 8 के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित आंगनबाडी केन्द्र में हरियालो राजस्थान के तहत किया पौधारोपण किया।

**नंदघर निरीक्षण: आंगनबाडी केन्द्र पर बच्चों की सुविधा और सुरक्षा का रखा जाए ध्यान—**
उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित नंदघर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से बेहतर पोषण मिले साथ उन्हें ईसीसीई के तहत बेहतर शाला पूर्व शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए आंगनबाडी केन्द्र पर बच्चों की सुविधा और सुरक्षा को भी ध्यान में रखा जाए।

# आवासन आयुक्त ने मानसून में व्यवस्थाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक ली

## -सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान करने के लिए मण्डल प्रतिबद्ध- आयुक्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने मंगलवार को मंडल के सभागार में विभागीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में आवासन आयुक्त ने वर्षाकाल की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डॉ. शर्मा ने अतिवृष्टि की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवासन मण्डल की समस्त परियोजनाओं में सुरक्षा और सुचारु प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विशेष रूप से क्षतिग्रस्त सड़कों, खुले मेनहोल, झूलते विद्त बॉक्स और असुरक्षित केबल्स की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की कड़ाई से पालना करते हुए श्रमिकों और राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए भी निर्देशित किया।

उन्होंने विद्त प्रबंधन को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि के दौरान मण्डल की आवासीय योजनाओं में विद्त आपूर्ति में कोई व्यवधान न आए, इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं, कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा जाए और पूरे सिस्टम की सघन मॉनिटरिंग की जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे मौके पर रहकर निगरानी करें और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। मण्डल के सभी अधिकारी तत्परता और सजगता से कार्य करें, मण्डल अपने रहवासियों के जीवन को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आयुक्तद डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक

## -डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत रूप से हो सुनिश्चित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्तप डॉ॰ गौरव सैनी ने मंगलवार को समीक्षा बैठक कर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, बजट घोषणा, ऑनलाइन प्रकरण, विधानसभा प्रश्नस, नगरीय विकास कर संग्रहण कैंप की प्रगति, बाढ़ नियंत्रण, वृक्षारोपण, हिंगानिया गौशाला के मुद्दों के संबंध में, लैण्डा बैंक की स्था पना, स्वयच्छक भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यवमंत्री स्वहनिधि योजना, रोग वाहन नियंत्रण एवं कीट नियंत्रण (फोगिंग) के संबंध में की जा रही गतिविधियों सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अतिरिक्त आयुक्तट सीमा कुमार सहित जोन एवं मुख्यालिय उपायुक्ता सहित विभिन्नि अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्ति डॉ॰ गौरव सैनी ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लक्ष्यध को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। आयुक्तं ने जोनवार शत-प्रतिशत कवरेज न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कवरेज नहीं हो रहा है और हर घर से कचरा नहीं उठ रहा है। आयुक्तड ने कॉलोनियों में कचरा पात्र लगाने, सभी जोनों में RFID कार्ड लगाने एवं हूपर्स की GPS मॉनिटरिंग, जियोफेन्सिंग करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

आयुक्ति ने बाढ़ नियंत्रण केन्द्रों की सक्रियता, मड पंप, मिट्टी के कट्टे इया‍ दि संसाधनों की समुचित व्यंवस्था; हरयाळो राजस्थानन के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं हिंगोनिया गौशाला में लाइट एवं चारे-पानी की व्यावस्थाा के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्य क दिशा-निर्देश दिए। उन्होंटने मुख्य मंत्री स्वोनिधि योजना की जानकारी आमजन तक पहुँचाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए साथ ही नगरीय विकास कर संग्रहण कैंप की प्रगति की भी समीक्षा की।

# केन्द्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री ने सिरोही जिले में प्रगतिरथ विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केन्द्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू निवास वर्मा ने सोमवार को आकांक्षी जिले सिरोही में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति और कार्यां का निरीक्षण किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने राजपुरा में जेजेएम के तहत किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों ने बताया कि यह ग्राम जल जीवन मिशन शुरू होने से पहले पनघट योजना से लाभान्वित था जिसमें एक नलकूप से 2 भूतल जलाशयों में जलापूर्ति की जाती थी तथा ग्रामीण वहा, से सार्वजनिक नलों से पानी भरकर लाते थे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस ग्राम के लिए 127.13 लाख रूपयें की योजना स्वीकृत हुई थी जिसके तहत एक 150 केएल का उच्च जलाशय 50 केएल स्वच्छ जलाशय पंप हाउस का निर्माण तथा मुख्य एवं वितरण पाईप लाइन लगाकर ग्राम के सभी 559 घरों में जल सम्बन्ध स्थापित कर वर्तमान में सपूर्ण ग्राम में हर घर से जलापूर्ति की जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों




की शिकायत पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को पाइपलाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने गुणवत्ताविहीन कार्य करने पर ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने वीरवाडा में आबूराज वाटिका का भी अवलोकन किया, वहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ग्राम पंचायत वीरवाडा में कुछ वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत ने इस जमीन को संवारने का बीड़ा उठाया व इसके सौंदर्यकरण के लिए मनरेगा व पंचायतीराज विभाग की योजनाओं में स्वीकृतियां जारी करवाकर विभिन्न निर्माण कार्य करवाए गए। इस वाटिका का ग्रामवासियों द्वारा योग, जॉगिंग, व्यायाम, सामाजिक कार्यक्रमों में उपयोग लिया जा रहा है। इस दौरान सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हंसमुख मेघवाल, नरपतसिंह सहित अन्य उपस्थित थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने मालप में बायोगैस प्लांट और सिरोही गोट ब्रीड इंप्रूवमेंट कार्यक्रम का निरीक्षण किया। मालप में 130 हाउस होल्ड्स पर कार्य हो रहा है। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री ने आमजन से संवाद भी किया। प्राकृतिक खेती आदि के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

# डीएलएसए द्वारा वंचित बच्चों को कानूनी पहचान दिलाने के उद्देश्य से आधार रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा साथी अभियान के तहत आधार रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आधार रजिस्ट्रेशन के संबंध में एक विशेष अभियान जारी किया गया है जिसे साथी अभियान का नाम दिया गया है। जरूरतमंद बच्चों को कानूनी पहचान बहाल करने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सुगम बनाने के संबंध में साथी अभियान चालू किया गया है। पल्लवी शर्मा ने जानकारी दी कि इस अभियान का मुख्य पहलू कमजोर बच्चों को लक्षित करना है जिसमें वे बच्चे भी शामिल है जो बेसहारा है अथवा जिनके पास किसी प्रकार की कोई कानूनी पहचान नहीं है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसी आवश्यक सेवाओं की पहुंच प्राप्त हो। इसी के साथ बच्चों को कानूनी




पहचान बहाल करना है जो कि अक्सर आधार कार्ड से जुड़ी हुई होती है, इन सेवाओं तक पहुंचने में यह पहला महत्वपूर्ण कदम है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा सुरमन संस्थान के संयुक्त समन्वय से सुरमन बालिका गृह में आधार रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा यूआइडीएआइ (UIDAI) विभाग के कर्मचारीगण आधार रजिस्ट्रेशन हेतु उपस्थित रहे उनके द्वारा बेसहारा एवं वंचित बच्चों का आधार रजिस्ट्रेशन किया गया। आज 65 बच्चों का आधार रजिस्ट्रेशन किया गया।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

## -4 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 7 केन्टर सामान जब्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए दुर्गापुरा तिराहे से महारानी फार्म तक तथा महेश नगर 80 फीट रोड़ पर, त्रिवेणी नगर नाले के पास, मांग्यावास श्मशान घाट के सामने, झूलेलाल मार्केट, डी-मार्ट के सामने मानसरोवर, क्सि रोड़ निर्माण नगर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 7 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए दुर्गापुरा तिराहे से महारानी फार्म तक तथा महेश नगर 80 फीट रोड़ पर, त्रिवेणी नगर नाले के पास, मांग्यावास श्मशान घाट के सामने, झूलेलाल मार्केट, डी-मार्ट के सामने मानसरोवर, क्सि रोड़ निर्माण नगर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 7 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 4 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अजमेर एवं बीकानेर संभाग के साथ बैठक आयोजित

## -एसआईआर कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूचियों का शोधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना- मुख्य निर्वाचन अधिकारी

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी समय में प्रस्तावित फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न) एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की तैयारियों को लेकर मंगलवार को शासन सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अजमेर एवं बीकानेर संभाग के संभागीय आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अधीनस्थ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न) कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूचियों का शोधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक हेल्प डेस्क स्थापित कर सुनिश्चित किया जाए कि इन हेल्प डेस्क पर नियुक्त व्यक्ति एसआईआर कार्यक्रम और उसके दिशा-निर्देशों से पूरी तरह से अवगत हों।



महाजन ने कहा कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मानव संसाधनों जैसे बीएलओ, सूचना सहायक, पर्यवेक्षक आदि की समय रहते नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। इसके अतिरिक्त, स्वयंसेवकों का चयन शीघ्र कर उन्हें भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रैंडम चेकिंग के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित राजनीतिक दलों से समन्वय करते हुए बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति शीघ्र करवाई जाए। उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशनों के रेशनलाइजेशन का कार्य मतदाताओं की संख्या, दूरी, पहुंच, सहूलियत और मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एसआईआर कार्यक्रम की जानकारी आम मतदाताओं तक सरल एवं प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए आईइसी गतिविधियों का व्यापक उपयोग किया जाए।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने ली देवनारायण योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

## -गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधि भी रहे उपस्थित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को देवनारायण योजना के अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

विभाग के मुख्यालय अंबेडकर भवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में कॉलेज शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

गहलोत ने गत माह हुई बैठक में दिए निर्देशों की प्रगति से अवगत करवाया। इस दौरान देवनारायण छात्रवृति योजना-उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना, देवनारायण छात्रवृत्ति योजना-पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना, देवनारायण गुरुकुल योजना, देवनारायण अनुप्रति योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, देवनारायण आदर्श छात्रावास संचालन, देवनारायण




आवासीय विद्यालय संचालन, देवनारायण बालक एवं बालिका महाविद्यालय संचालन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन, उप स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। बैठक में उठाए सभी विषयों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और उनमें गुणवत्ता में सुधार के लिए भी निर्देशित किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अपर्णा अरोड़ा ने योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने कहा कि बैठक में आए सुझावों के आधार पर योजनाओं में निरंतर सुधार किया जाएगा। बैठक में अतिरिक निदेशक सुंडाराम मीणा ने पीपीटी के जरिए विभिन्न योजनाओं की प्रगति और बजट के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया।

बैठक में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह बैंसला, अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीना, वित्तीय सलाहकार श्रीमती अंजू सिंह सहित संघर्ष समिति के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देवनानी ने किये महाकाल और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान उज्जैन पहुँचे। देवनानी ने उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। देवनानी ने प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। देवनानी ने कहा कि शिव शाश्वत चेतना के प्रतीक है। उन्होंने भगवान महाकाल को कोटि-कोटि नमन करते हुए देश-प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि की प्रार्थना की। देवनानी ने नर्मदा तट पर और ओंकारेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग



मंदिर में श्रावण मास पर्व पर पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। देवनानी ने काल भैरव मंदिर में भी दर्शन कर पूजा की। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी मौजूद थे।

# शोधार्थियों की आवाज़ बने विधायक मनीष यादव

## -राज्य सरकार ने जारी की 2.51 करोड़ की रिसर्च फैलोशिप राशि

मनोहरपूर, (रॉयल पत्रिका)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश के उन शोधार्थियों के लिए रिसर्च फैलोशिप स्कीम चालू करने की मांग की गई जिन्हें किसी भी प्रकार की केन्द्रीय फेलोशिप नहीं मिल रही थी। जिस पर कांग्रेस सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में रिसर्च कार्य व शोधार्थियों को आर्थिक सम्बल देने के लिए बजट 2023-24 में "नेट/सेट उत्तीर्ण रिसर्च फैलोशिप स्कीम" शुरू की गई। जिसमें 2 वर्ष तक प्रति माह 20 हजार रुपए देने की घोषणा की थी। बजट क्रियान्वन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा स्कीम में आने वाले शोधार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। जिसमें चुनाव आचार संहिता से पहले कुछ शोधार्थियों को फेलोशिप मिल गई। लेकिन शेष रहे शोधार्थियों



को दिसम्बर 2023 में सरकार बनने के बाद मई 2025 तक किसी भी प्रकार की फेलोशिप राशि जारी नहीं की गई।

गोरतलब है कि पीड़ित शोधार्थियों ने विधायक मनीष यादव को मिलकर अवगत कराया था।

विधायक यादव ने विधानसभा के बजट सत्र में शोधार्थियों को फेलोशिप देने की मांग की और स्कीम को चालू रखने की बात सदन में पुरज़ोर तरीक़े से उठाई ताकि गरीब शोधार्थियों को राहत मिले। जिसके बाद सरकार द्वारा प्रदेश के सैकड़ों शोधार्थियों की 2 करोड़ 51 लाख रुपए की फेलोशिप राशि विश्वविद्यालयों को दी गई। जिसके बाद जून 2025 तक सभी शोधार्थियों के खाते में पैसा आयें। आज प्रदेश के विभिन्न शोधार्थियों द्वारा डॉ. रामसिंह सामोता, रामस्वरूप ओला अध्यक्ष शोध छात्र संघ राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के साथ कई शोधार्थियों ने विधायक से मिलकर आभार व्यक्त किया गया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# कलेक्टर का सम्मान करने गई वतन फाउंडेशन टीम

## -आधे सदस्यों को नही घुसने दिया कलक्टर कक्ष में



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर काना राम को सम्मान कराना पसंद नही है ये बात तो मानी जा सकती है, पर लोक सेवक होने के नाते उनसे मिलने का समय लेकर जाने वाले व्यक्ति, संगठन पदाधिकारियों का सम्मान करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।लेकिन वे शायद इसमें भी गुरेज रखते है। जिला कलेक्टर काना राम की ये कार्यप्रणाली सोमवार को उस समय देखने को मिली जब हमारा पैगाम भाई चारे के नाम थीम पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य करने वाले संगठन वतन फाउंडेशन टीम के सात पदाधिकारी कलेक्टर के निजी सहायक से समय लेकर संगठन की परम्परा के अनुसार कलेक्टर काना राम का सम्मान करने 1,45 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे तो पता चला कि साहब लंच में घर गए।उनके निजी सहायक अनिल भी कार्यालय से नदारत मिले ।जानकारी करने पर पता चला कि साहब ढाई बजे तक आयेंगे। टीम वतन फाउंडेशन जिसमें महिलाएं, पुरुष थे कलेक्टर का इंतजार करते रहे,जब 2,40 पर कलेक्टर आए तो टीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुसैन आर्मी पी ए अनिल से मिले तो उन्होंने कहा कि पर्ची भेज दो ।आर्मी ने पर्ची लिख कर जमादार को दे दी।दस मिनट बाद जमादार एवं गेट पर मौजूद कलेक्टर के सुरक्षा कर्मी पुलिस कांस्टेबल ने टीम अध्यक्ष आर्मी को बुलाकर बोला आप अंदर जाइए,जब टीम के लोग जाने लगे तो कांस्टेबल ने बोला आप 5 ही लोग जा सकते हो, साहब का आदेश है, टीम के मुखिया हुसैन आर्मी ने बोला कि हम कोई ज्ञापन देने नही कलेक्टर साहब का सम्मान करने जा रहे है लेकिन कांस्टेबल ओर जमादार ने एक नहीं सुनी और संगठन के कुछ पदाधिकारियों को अंदर जाने से रोक दिया। संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने आरोप लगाया कि कलेक्टर के स्टाफ ने जैसा संगठन पदाधिकारियों के साथ जो सलूक किया वो तो निंदनीय है ही उसके बाद जिला कलेक्टर ने सम्मान करने अंदर गए वतन फाउंडेशन टीम के लोगों को भी लोक सेवक के रूप में कोई सम्मान, तवज्जो नहीं दी। राजेश शर्मा ने कहा कि वतन फाउंडेशन एक सामाजिक गैर राजनीतिक संगठन है,इस संगठन में देश भर के वरिष्ठ एडवोकेट, डॉक्टर,सामाजिक गैर राजनीतिक लोग,पत्रकार जैसे प्रतिष्ठिक लोग जुड़े है, ऐसे संगठन पदाधिकारियों खास कर महिलाओं के साथ जैसा अशोभनीय बर्ताव किया है उसकी जितनी निंदा की जाए कम है यही नहीं उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम साहब का भी अपमान किया। संगठन की राष्ट्रीय सचिव रूमा नाज, संगठन सचिव सुनीता मधुकर ने बताया कि परम्परा के अनुसार कलेक्टर को गुलदस्ता एवं मिसाइल मेन पूर्व राष्ट्रपति स्व 0 ए पी जे अब्दुल कलाम साहब की तस्वीर भेंट की तो कलेक्टर ने अपनी सीट से उठना भी उचित नही समझा और बैठे बैठे ही गुलदस्ता कलाम साहब की तस्वीर हाथ में लेकर तुरंत ही तस्वीर ओर गुलदस्ते को साइड में कर दिया।

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने डाइट में किया पौधरोपण

## -विद्यार्थियों को दिया कैरियर गाइडेंस



चूरू,(रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 'हरियालो राजस्थान' के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य की नींव भी रखते हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल को अपना कर्तव्य समझें। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने डीएलएड विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान में तकनीकी कौशल व ज्ञान के साथ नियमित पुस्तक अध्ययन की आदत विकसित करें। नियमित अध्ययन व अनुशासित दिनचर्या प्रत्येक लक्ष्य के लिए आधार है। उन्होंने कहा कि हर छात्र को अपने अंदर की क्षमताओं को पहचानते हुए मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा, शिक्षा, नवाचार और तकनीक जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की बात कही। सीडीईओ व डाइट प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड़ ने जिला कलक्टर का स्वागत किया। इस अवसर पर नरेन्द्र उपाध्याय, कुसुम शेखावत, विजयलक्ष्मी शेखावत, प्रसन्ना मीणा, ओमप्रकाश बारूपाल, भीष्म प्रकाश सहारण, ओमप्रकाश कस्वां, राजेंद्र झाझड़िया, राकेश मोटसरा, मंजू चौधरी, महेन्द्र शर्मा, संजय गुप्ता, अफजल अली, हेमन्त, श्यामलाल, निहालसिंह लांबा, रामनिवास चाहर सहित डीएलएड विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चूरू जिले में पीएमएमएसवाई के तहत खारा पानी एक्वाकल्चर कलस्टर विकास के होंगे कार्य



चूरू,(रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा चूरू जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना पीएमएमएसवाई के तहत खारा पानी के एक्वाकल्चर कलस्टर के विकास कार्य करवाए किए जाएंगे। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा 27 जनू, 2025 को चूरू जिले में खारा पानी एक्वाकलस्टर के लिए अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2020—21 से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की गई है, जो कि मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने, पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को सुविधाजनक बनाने, उच्च आय उत्पन्न करने, संगठित तरीके से मत्स्य पालन व एक्वाकल्चर की वृद्धि और विस्तार को तेज करने के लिए कलस्टर-आधारित दृष्टिकोण को अपनाने पर केन्द्रित है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और प्रसंस्करण कलस्टर्स पर मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है, ताकि क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण में मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर क्षेत्र के विकास में अपने प्रयासों को मजबूत किया जा सके। भारत सरकार के मत्स्य विभाग द्वारा चूरू कलस्टर में गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# जयपुर में विजय अवार्ड से यादव होंगे सम्मानित



चौमूं,(रॉयल पत्रिका)। चौमूं विश्व बंधुत्व एकामहे के लिए समरसता वैश्विक स्तर पर बढ़ाने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की की ओर से कारगिल विजय लक्ष्मी 26 जुलाई को जयपुर में स्थित रोटरी क्लब सभागार में होगा। मुख्य मुख्य सलाहकार डॉक्टर कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में बताया कि भारत के सैनिकों द्वारा अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए दुश्मन देश की सी को युद्ध में पराजित करने भारत की प्रतिष्ठ भारत की शक्ति बढ़ने पर कारगिल विजय दिवस भव्य रूप से पूरे देश में मनाया जाता है। विजय दिवस समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय , समाजसेवी, प्रशासनिक, राजनीतिक सेवा क्षेत्र , में सम्मिलित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा इसमें नई ढाणी दूध उत्पादन सहकारी समिति लिमिटेड घिनोई में सचिन रामचंद्र यादव का क र्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनुवरत परिश्रम पर "विजय अवार्ड" 2025 के लिए चयन किया गया।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री का जन्मदिन एनजीओ में मनाया गया




मोहम्मद अली पठान

सादुलपुर,(रॉयल पत्रिका)। स्थानीय मदिना मार्केट सादुलपुर में हमारी ख्वाइश एनजीओ द्वारा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया का पूर्व संध्या पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। एनजीओ संचालक रिहाना पठान ने बताया कि लुगरिया हमेशा शोषित पीड़ित परिवारों की आवाज बुलंद करते हैं और अनेक सामाजिक एवं जन हित के लिए काम किया है। इसलिए हमारे एनजीओ द्वारा लुगरिया का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है आज लुगरिया ने सादुलपुर पहुंच कर हमारे कार्यक्रम में शामिल हुए यह हमारे लिए गर्व की बात है। लुगरिया को शाल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया इस अवसर पर चुरु के सामाजिक कार्यकर्ता पिथीसर के सरंपच जंगशेर ख़ान को हमारी ख्वाइश एनजीओ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप मेघवाल सातड़ा, इरफान भूवान,हसन इसेखानी, मोहम्मद जाफर, मकसुद चिस्ती, यूनस खोकर, जावेद चौहान ,पायल पारीक, सबनम ,शरीफ शेख, हारून नागौरी ,और एनजीओ की महिलाए मौजूद रही।

# मिल्लत चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मेगा नि:शुल्क मेडिकल

## -जांच एवं परामर्श शिविर संपन्न




कोटा,(रॉयल पत्रिका)। रविवार 13 जुलाई को मिल्लत चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेगा नि:शुल्क मेडिकल जांच एवं परामर्श शिविर एम.सी.टी. क्लीनिक एंड डाइग्नोस्टिक सेंटर, विज्ञान नगर कोटा में आयोजित किया गया । शिविर इंचार्ज एवं जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अब्दुल रब ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फ्री मेडिकल केंप मे एम डी मेडिसिन डॉक्टर रूप सिंह, जनरल फिजिशियन डॉक्टर अशत इजान, डॉक्टर अकील खान , प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नाज़िया परवीन, डॉक्टर मनीषा मित्तल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहम्मद आरिफ, मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनाल शैख़, दन्त रोग चिकित्सक डॉक्टर अल्फ़ा सय्यद, फ़ीजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर फातिमा खान, आहार पोषण विशेषज्ञ डॉक्टर निदा जलील, एवं एलेक्ट्रो एक्युपंक्चर थेरेपिस्ट डॉ समद खान ने अपनी सेवाएँ दीं। एम सी टी क्लिनिक प्रभारी मोहम्मद ज़ाकिर आसफ़ी ने बताया कि शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ और निर्धारित समय 2 बजे तक शिविर में लगभग 300 रोगियों ने लाभ उठाया, जिन्हें परामर्श के साथ फ्री दवाइयों का वितरण तथा CBC, शुगर, बी.पी., हीमोग्लोबिन, आदि जाँचें भी नि:शुल्क की गईं । मिल्लत चेरीटेबल ट्रस्ट चेयरमेन हाजी खलील कुरैशी, जनरल सेकेट्री हाजी हयात खान एवं वाईस चेयरमेन सलीम अब्बासी ने शिविर को सफल बनाने मे सहयोग देने वाले सभी चिकित्सक, सरपरस्त अज़ीज़ अंसारी, ट्रस्टीगण इमाम हुसैन मंसूरी, मिर्ज़ा नफ़ीस बेग, निसार अहमद, राशिद ख़ान, आमिर ख़ान, रशीदउद्दीन, जावेद ख़ान एवं सभी स्टाफ सदस्यों का शुक्रिया अदा किया।

# पौधे पर्यावरण के मुख्य आधार-प्रधानाध्यापिका मीणा



चौमूं,(रॉयल पत्रिका) । चौमूं तहसील के ही ग्राम पंचायत हस्तेड़ा के स्थित शिव नगर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को प्रधानाध्यापिका मनीषा मीणा के सानिध्य में स्कूल परिसर में बच्चों के साथ पौधे लगाए गए और बच्चों अपने-अपने घर भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित की गया । इस अवसर पर मीणा ने बताया कि पेड़ पौधे सुरक्षित रहे तो हर मनुष्य का जीवन भी सुरक्षित रहेगा इन पेड़ों की कतई नहीं करने पर भी अवगत करवाया गया। इस मौके पर मीणा ने बताया की पेड़ पर्यावरण के मुख्य आधार होते है ।

# मालेश्वर से बधालेश्वर महादेव मंदिर पहुँची प्रथम डाक कावड़



चौमूँ,(रॉयल पत्रिका)। बधाल सावन माह के पहले सोमवार को मालेश्वर धाम महारकलाँ से कावड़ भरकर बधालेश्वर महादेव मंदिर बधाल में 31 कांवड़ियों की टीम प्रथम डाक कावड़ लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। 31 कांवड़ियों की टीम ने 47 किमी की दूरी 4 घंटे मे पूरी कर पूरे विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बधालेश्वर महादेव सेवा समिति की टीम ने सवेरे मालेश्वर धाम पहुंचे और मालेश्वर शिव के दर्शन कर मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रातः 7:15 बजे कावड़ लेकर रवाना हुए और 10:15 बजे बधालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर शिव का अभिषेक किया। कावड़िया टीम के सदस्य हिमांशु कुमावत ने बताया कि हर वर्ष विभिन्न तीर्थ स्थलों से झूला कावड़ लाकर भगवान शिव को चढ़ाई जाती है परंतु इस बार प्रथम डाक कावड़ लेकर आए है। उन्होंने बताया कि इस कावड़ यात्रा में 31 कांवड़ियों की टीम ने 47 किमी की दूरी 4 घंटे मे पूरी कर शिव का जलाभिषेक किया है। इस मौक़े पर धर्मेंद्र भोले, प्रकाश भोले, रामचंद्र भोले, राजेश भोले, जीतू भोले, राजेश भोले, दिनेश भोले, राकेश भोले, जितेंद्र भोले, नरेश भोले, अक्षय भोले, सुभाष भोले, राजेश भोले, राजकुमार भोले, नवरत्न भोले, प्रवीण भोले, शुभम भोले, राहुल भोले, मनोज भोले, आनंद भोले, हिमांशु, चेतन, सुनील, श्रीपाल, अजय, सीताराम, विकास, विक्की, शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

# जीवन भर तन-मन-धन से सेवा कार्य करती रहूंगी-उर्मिला भाया

## -रोटरी क्लब का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




शब्बीर हुसैन

बारां,(रॉयल पत्रिका)। रोटरी क्लब बारां का शपथ ग्रहण समारोह बारां शहर के एक निजी रेस्टोरेन्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में रोटरी प्रार्थना त्रिषला जैन द्वारा प्रस्तुत की गई। इस शपथ ग्रहण समारोह में रोटरी क्लब के नए पदाधिकारियों द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के 3053 डिस्ट्रिक्ट प्रान्तपाल डॉ. निशा शेखावत रही तथा अध्यक्षता क्लब ट्रेनर उर्मिला जैन भाया जिला प्रमुख द्वारा की गई। अति विषिष्ठ अतिथि रजत विजयवर्गीय उप जिला कलक्टर खानपुर, विशिष्ट अतिथि के.एम.मीणा पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय माध्यमिक विद्यालय बारां रहे। मुख्य अतिथि ने रोटरी क्लब बारां के अध्यक्ष पद पर सूर्यप्रकाश विजयवर्गीय को शपथ दिलाई तथा उसके बाद सचिव महेश तिवारी एवं समस्त टीम को शपथ दिलाई। क्लब पदाधिकारी श्रीमती उर्मिला जैन भाया क्लब ट्रेनर, प्रकाश टोंग्या, डॉ. त्रिवेश बरदानिया, राजेन्द्र मित्तल, आदित्य जैन, धीरज तिवारी, सतीश विजय, अशोक बिसारती, विवेक जैन सहित सभी क्लब सदस्यों ने एक साथ मिलकर एक बेहतर कल के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया। 3053 डिस्ट्रिक्ट प्रान्तपाल डॉ. निशा शेखावत ने बारां क्लब को सम्बोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहा है, उन्होनें सभी सदस्यों से आव्हान किया कि वे रोटरी के मूल्यों को कायम रखते हुए समाज के विकास में अपना योगदान देते रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने अपने उदबोधन में रोटरी थीम के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होनें कहा कि वह हमेशा तन-मन-धन से रोटरी परिवार के लिए के काम आएगी और उनके जीवन का उद्वेष्य ही सेवा कार्य करना है। अति विषिष्ठ अतिथि रजत विजयवर्गीय उप जिला कलक्टर खानपुर ने कहा कि सरकार भी गरीबों के लिए योजनाएं लाती है तथा रोटरी क्लब की सेवा में क्षेत्र में काम कर रहा है। उन्होनें कहा कि रोटरी क्लब में अधिक से अधिक यूथ को सदस्य बनाए। विशिष्ट अतिथि के.एम. मीणा ने कहा कि अध्यक्ष, सचिव मेरे विद्यार्थी रहे है और मुझे आषा है कि ये रोटरी को और ऊंचाईयों पर पहुंचाएंगे।अजमेर रोटरी से मेम के साथ पधारे मीना भाटिया एवं नरेश भाटिया ने कहा कि बारां के चावल की महक तरह बारां रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट में अपने सेवा कार्यो से खुषबू फैलाएं। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का रोटेरियन्स ललिता टोंग्या, कल्पना विजयवर्गीय, चेतना तिवारी ने स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन व सचिव अशोक बिसारती ने वर्ष 2024-2025 में पूरे साल विशेष सहयोग क्लब को प्रदान किया, उनको प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रोटेरियन उर्मिला जैन भाया, डॉ. त्रिवेष बरदानियां, मयंक अग्रवाल, अरूण ओझा, प्रकाश टोंग्या, राकेष सेठी, धीरज तिवारी, आदित्य जैन, दीपक भाई पतीरा, स्वपनिल जैन, यश जैन, शालिन जैन, सोहम जैन, सुनीता बाली, अनिता सेठी, ललिता टोंग्या को सम्मान पत्र भेंटकर नवाजा गया। पूर्व सचिव ने वर्ष भर के दौरान किए गए सेवा कार्यो की रिपोर्ट क्लब के समक्ष प्रस्तुत की तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन धीरज तिवारी द्वारा किया गया। नए अध्यक्ष सूर्यप्रकाश विजयवर्गीय ने अपने उदबोधन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी परिवार के साथ वर्ष भर शिक्षा, चिकित्सा, संस्कार नर-नारायण की सेवा, पर्यावरण, व गेट-टू-गेदर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप मारू, पंकज मारू, जितेन्द्र गुप्ता, दीपक जैन आदि रोटेरियन्स उपस्थित रहे। अन्त में सचिव महेश तिवारी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सहभोज का आनन्द उठाया।

# मेहनाज पटेल को भाजपा सोशल मीडिया सहसंयोजक का जिम्मा मिला



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी ज़िले की टीम का गठन किया गया है। इस नवगठित टीम में मेहनाज पटेल को सोशल मीडिया सहसंयोजक का दायित्व सौंपा गया है। यह ज़िम्मेदारी मिलने पर पटेल ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा तथा ज़िला अध्यक्ष मान सिंह गुर्जर काआभार व्यक्त किया। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया कि वे सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता से निर्वहन करेंगी।

# जहीर मोहम्मद सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष निर्विरोध रूप से नियुक्त



शादाब अली

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। रणथम्भौर कारपेन्टर विकास समिति सवाई माधोपुर की आम सभा का आयोजन घाटीला बालाजी परिसर, शहर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति की वर्तमान कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से भंग कर नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सभा में सर्वसम्मति से जहीर मोहम्मद को समिति का नया अध्यक्ष निर्विरोध रूप से मनोनीत किया गया। पूर्व अध्यक्ष सुरेश चन्द जांगिड़ द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात सभी सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्यजनों द्वारा माला एवं साफा पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जहीर मोहम्मद का भव्य स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन किया गया। सभा का संचालन समिति के पूर्व महामन्त्री राजेश कुमार जांगिड़ ने किया। उन्होंने सभी सदस्यों, पदाधिकारियों का इस प्रक्रिया में सहयोग देने हेतु आभार प्रकट किया और समिति की भावी योजनाओं हेतु सामूहिक सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने आत्मीय वातावरण में सामूहिक भोज का आनंद लिया। इस दौरान सुरेश जांगिड़, राजेश जांगिड़, आबिद हुसैन अंसारी, यशवंत कन्हैया महावर, राजेंद्र जांगिड़, अशोक जांगिड़, सलीम अंसारी, रहमान अंसारी, साजिद हुसैन अंसारी आदि, भवानी शंकर उपस्थित रहे।

# जनहित में बड़ी सौगात- मंत्री रावत की अनुशंसा पर मदारपुरा, बड़गांव और आखरी को मिला

## -नवीन पशु चिकित्सा उप केन्द्रों का उपहार

अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के पशुपालकों को अब चिकित्सा सेवाएं और भी सुलभ होंगी। क्षेत्रीय जनता के लंबे समय से चली आ रही मांग को गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत की प्रभावशाली अनुशंसा पर मदारपुरा, बड़गांव, और आखरी गांवों में नवीन पशु चिकित्सा उप केन्द्रों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। यह निर्णय क्षेत्र के पशुधन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। पशुपालक परिवारों को अब छोटी-छोटी बीमारियों या आपात स्थिति में दूर दराज के पशु चिकित्सालयों की ओर भागना नहीं पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध यह सुविधा न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पशुओं की जीवन रक्षा एवं उत्पादकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने वरिष्ठ तीर्थ यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## -वरिष्ठ नागरिकों का आध्यात्मिक जीवन होगा समृद्ध



अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की ट्रेन को केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने तीर्थ यात्री ट्रेन के चालक परिचालक का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन कर ट्रैन में तीर्थ यात्रियों से संवाद किया। तीर्थ यात्रियों के अनुभव जाने और उनकी सफल यात्रा की कामना की। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि आज इस ट्रेन में तीर्थ दर्शन करने हेतु जा रहे वरिष्ठजन यात्रियों के चेहरे पर अपार खुशी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि जन-जन की आस्था और विश्वास का सम्मान सरकार कर रही है। भारतवर्ष के प्रमुख पवित्र तीर्थ स्थलों पर प्रभु के सहज एवं सरल दर्शन कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी राजस्थान सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह योजना हमारे वरिष्ठ नागरिकों के आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करेगी। उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में भी सकारात्मक योगदान देगी। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से वरिष्ठजनों का तीर्थ यात्रा करने का सपना साकार हो रहा है। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश कुमार बचानी ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के अन्तर्गत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मदार से रामेश्वरम्-मदुरई की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर मदार रेलवे स्टेशन से रवाना की। इस ट्रेन के अन्तर्गत कुल 780 यात्रियों को रामेश्वरम् की तीर्थ यात्रा पर भेजा गया। इसमंर अजमेर संभाग के 780 यात्रियों को रामेश्वरम्-मदुरई के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय) भारत सरकार भागीरथ चौधरी द्वारा इस विशेष ट्रेन को दोपहर 4.30 बजे मदार रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए अजमेर से रामेश्वरम तक अनेक तीर्थ स्थलों के दर्शन हेतु तीर्थयात्री ट्रेन का शुभारम्भ हुआ।

# स्वाधीनता दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

## -गरिमापूर्ण रूप से जनभागीदारी के साथ हो



अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। स्वाधीनता दिवस की तैयारियों के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने निर्देश दिए कि स्वाधीनता दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण रूप से प्रेरणादायी एवं जनभागीदारी से भरपूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें ध्वजारोहण, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन के लिए पूर्वाभ्यास एवं सभी व्यवस्थाओं की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व संध्या पर देशभक्ति पर सांस्कृतिक संध्या के आयोजन की भी रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि तिरंगा रैली, खेल प्रतियोगिताएं, मैराथन दौड़ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को राष्ट्रीय पर्व से जोड़ा जाए और देशभक्ति का वातावरण बनाया जाए। पुलिस अधिकारियों को समारोह के दौरान सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अजमेर विकास प्राधिकरण को बैरीकेडिंग तथा नगर निगम को साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक बन्धु ने समारोह में लोकतंत्र सेनानियों, स्वतंत्रता सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों, मीडिया कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के बैठने और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्व पूर्व में ही जांचने एवं वर्षा की संभावना को देखते हुए इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व का आयोजन नई पीढ़ी को देशप्रेम और कर्तव्यबोध की भावना से जोड़ने का अवसर बनना चाहिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य कर स्वाधीनता दिवस समारोह को सफलतापूर्वक और उल्लास के साथ मनाया जाना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं ज्योति ककवानी, उपखण्ड अधिकारी पदमा देवी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन आधार नामांकन एवं अद्यतन के द्वितीय सत्यापन हेतु बीएसओ को अधिकृत

## -ग्रामीण क्षेत्रों में जन आधार सत्यापन की जिम्मेदारी अब बीएसओ को सुपुर्द



डूंगरपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान जन आधार प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जम आधार नामांकन एवं अद्यतन के द्वितीय स्तर के सत्यापन हेतु अब ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों (बीएसओ) को अधिकृन किया गया है। अतिरिक्त जिला जन आधार योजना अधिकारी एवं उप निदेशक अमिन शर्मा ने जानकारी देने हुए बताया कि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रथम सत्यापन के उपरांत ममम्त प्रकरण ब्लॉक साख्यिकी अधिकारी को ऑनलाइन प्रेपित किए जाएंगे। बीएसओ निर्धारित समयावधि में सत्यापन कार्य को पूर्ण करेंगे, जिनमें प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा आमजन को होने वाली असुविधाओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। यह प्रक्रिया केवल ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई है। शहरी क्षेत्रों की सत्यापन प्रक्रिया में पूर्ववत कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। शर्मा ने बताया कि इसे सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय के परिपत्र 9 के अनुसार जिला कलक्टर द्वारा आदेश जारी कर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए जा चुके हैं। इस निर्णय से जन आधार योजना की प्रक्रिया में पारदर्शिता, गति और सटीकता मुनिश्चित होगी।

# भारतीय मेव विकास समिति कोटा की कार्यकारणी का गठन

**शब्बीर हुसैन**



कोटा.(रॉयल पत्रिका)। रविवार को शहर के बोरखेड़ा इलाके में स्थित एक निजी मैरिज गार्डन में मेव समाज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला वक्फ कमेटी बारां के पूर्व चेयरमैन हाजी लियाकत अली मेव ने की। बैठक में मेव समाज कोटा की कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जाकिर हुसैन (छावनी) की अध्यक्ष चुना गया। सचिव जलील खान एवं कोषाध्यक्ष अब्दुल जब्बार मेव को चुना गया। इस दौरान समाज के सभी मुअज्जिज लोग मौजूद रहे। संरक्षक के रूप में बूंदी जिला वक्फ कमेटी चेयरमैन इकरामुद्दीन बब्लू, हाजी अब्दुल हमीद मेव, अब्दुल सत्तार, हैदर अली मेव, फजलुद्दीन मेव, अली मोहम्मद, अफसर अली, जलील भाई, शफीक मेव, कमाल मेव, जफर मोहम्मद, यासीन मेव, फिरोज मेव, खुर्शीद खान, लियाकत अली , शाहिद हुसेन, अख्तर हुसैन, मुश्ताक अहमद, मोहम्मद साबिर, रफीक मोहम्मद, कमरूद्दीन, रफीक मेव, अब्दुल सलीम, मंजूर खान, सलीम मोहम्मद, जाहिद हुसैन, अशफाक अहमद, जाकिर हुसैन, अमजद अली, मो. इस्माईल, अय्यूब मेव, हबीबुर्रहमान, फिरोज खान, जाकिर मेव, अमजद मेव, शाहिद मेव, जहीर अब्बास मेव, खालिद हुसैन, अजरूद्दीन, जाहिद भाई, शोएब मेव, अरशद मेव सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में हाजी लियाकत अली मेव ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया एवं समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए सभी से सामाजिक ख़िदमात में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

# सवाई माधोपुर जिला भाजपा की कार्यकारिणी हुई घोषित



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश अनुसार जिला कार्यकारिणी में 25 महिला, 12 एसटी, 8 एससी, 24 ओबीसी तथा 44 सामान्य वर्ग को सम्मिलित करते हुए सभी को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी में अनुभव के साथ नए पुराने सभी का समायोजन किया गया है।इसी के साथ 15 स्थाई आमंत्रित सदस्यों में डॉ .किरोड़ी लाल मीणा, जितेंद्र गोठवाल, जसकौर मीणा, सुखबीर सिंह जौनपुरिया सहित पूर्व जिला अध्यक्षों को स्थान दिया गया है। दीपक सिंहल, सत्यनारायण धाकड़, हरिओम गर्ग, उदय सिंह गुर्जर सहित आठ जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिला मंत्री पद पर रामहरि जाट, सरिता बंसल, ज्योति दीक्षित, प्रेम देवी मीणा सहित 7 को नियुक्त दी गई है। दीनदयाल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद पर यथावत रखते हुए विनोद अग्रवाल को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला प्रवक्ता पद पर सुरेंद्र शर्मा को यथावत रखते हुए उनके साथ वीरेंद्र चेची, गीता सैनी, हरिओम पटेल को प्रवक्ता बनाए गए है।पार्टी ने मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी के महत्व को देखते हुए नितेश मोदी, सारांश जैन, मेहनाज पटेल, सतीश शर्मा, दिनेश सोनी, धनेश शर्मा जैसे कार्यकर्ताओं की टीम बनाई है। पार्टी ने पहली बार जिला संगठन के साथ मोर्चा एवं प्रकोष्ठों को मजबूत करने की दृष्टि से मोर्चो संयोजक जमनालाल वैष्णव एवं प्रकोष्ठ संयोजक पद पर बलवीर सिंह राजावत की नियुक्ति की है। कार्यकारिणी में संतोष मथुरिया,लोकेंद्र शर्मा, दीपक मीणा, पृथ्वीराज मीणा, मानवेंद्र सिंह, शंकर भोपा, जुगल जाट, मनोज बंसल, राजेश गोयल, कुलदीप जैमिनी, गिरधारी सोनी, गौरंती मीना, हेमंत शर्मा, मोहनलाल सैनी, रामसिंह खटाना, इंद्र सिंह राजपूत, नरसी मीणा, केदार लाल मीणा, सीताराम पोसवाल सहित 91 कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी घोषित की है। नवीन कार्यकारिणी घोषित होने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के द्वारा बधाई देते हुए खुशियां मनाई जा रही है |

# मुख्यमंत्री के वृहद वृक्षारोपण " एक पेड़ मां के नाम " अभियान के तहत लगाया पौधा



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर की घोषित हुई आज नवीन जिला कार्यकारिणी में सुरेंद्र शर्मा को जिला प्रवक्ता बनाए जाने के अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वृहद्ध वृक्षारोपण " एक पेड़ मां के नाम " अभियान के तहत एक पौधा लगाया और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी ली, नवनियुक्त जिला प्रवक्ता के इस कार्य का भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रशंसा की, नवनियुक्त जिला प्रवक्ता ने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं भाजपा नेता भवानी सिंह मीणा का आभार जताया । इस दौरान सुधीर शर्मा, अजय बसवाल, आकाश भारद्वाज, मुरली गौतम, विजय शर्मा, प्रतीक जांगिड़, अभिषेक बैरवा, सुभाष शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# कांग्रेस पदाधिकारीयों द्वारा पेड़ पौधे लगा कर हरियाली और पर्यावरण का दिया संदेश



चूरू,(रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया के निर्देषानुसार चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर के सानिध्य में निवर्तमान पार्षदो व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूरू शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने बताया कि कांग्रेस निवर्तमान पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं के साथ इन्द्रा गांधी मेमोरियल स्कूल, मेघवाल शमशान घाट, नई कब्रीस्तान सहित अनेक स्थानों पर पौधे लगाये है साथ ही इन पौधो को सहेजने का संकल्प भी लिया है। खोखर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। वृक्ष केवल आक्सीजन के स्त्रोत नही, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए जीवनदायिनी है। आज का एक पौधा कल की हरियाली का बीज है। उन्होने सभी नागरिको से आग्रह किया कि वे पर्यावरण को संरक्षित करने में भागीदार बनें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, अली मोहम्मद भाटी, विमल शर्मा, अजीज दिलावरखानी, विनोद खटीक, असलम खां मोयल, बजरंग बजाड, तोफिक खान, विक्रम भाट, तारिख नागौरी, सुरेश कल्ला, समीउल्लाह, रामेश्वर प्रसाद नायक, फारूक खान, अख्तर खान रूकनखानी, पवन कुमार, सुभाष मेघवाल, मुकेश शर्मा, राहुल मेघवाल आदि मौजुद रहें।

# दीवाना शाह के उर्स की तैयारियां के लिए मीटिंग सम्पन्न

**मोहम्मद यासीन**




कपासन, (रॉयल पत्रिका)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की नव गठित कमेटी की 84वें उर्स की तैयारिया हेतु बैठक सम्पन्न। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास मंसूरी अशरफी के अनुसार राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ जयपुर द्वारा गठित कमेटी मे पदाधिकारियो के नाम अनवर अहमद छीपा सदर, मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी एवं मुबारिक हुसैन शैख नायब सदर, मोहम्मद अब्बास मंसूरी सचिव, अब्दुल वाहिद अंसारी खजांची एवं सैयद ऐजाज अली, महबूब शाह, शराफत हुसैन भाटी, मंसूर अहमद ओठवाल, शब्बीर हुसैन पुंवार, अब्दुल रहमान मंसूरी, सैयद अख्तर अली बुखारी, अब्दुल शकूर अंसारी, जेनुलहसन अंसारी, मोहम्द असलम शैख, मोहम्मद शरीफ मेवाती, जाकीर हुसैन अंसारी, अशफाक तुर्किया, नदीम हुसैन शैख, वहीद अशरफी, इकबाल रंगरेज, अकरम मंसूरी, मोहम्मद अकरम छीपा, इरफान सिलावट सदस्य नियुक्त किए।

नव नियुक्त कमेटी की 84वें उर्स की तैयारियों को लेकर सदर अनवर अहमद छीपा की सदारत मे मीटींग हॉल मे बैठक की शुरूआत तिलावते कलामे पाक से हुवीं। 25 मोहरर्म 21 जुलाई 2025 सोमवार को बाद नमाजे असर के अलम पेश करने की रस्म अदा की जाएगी। 6 सफर से 8 सफर (1 अगस्त से 3 अगस्त 2025) तक 84वां उर्स हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी सदस्यो ने अपनी-अपनी बात रखी सर्वसम्मती से प्रस्ताव पास कर सभी सदस्यो ने कहा की बाबा हुजूर का उर्स परम्परानुसार मनाया जाए व जायरीने दीवाना व मेहमानाने दीवाना को किसी तरह की कोई तकलीफ ना हों।

सोमवार प्रातः दरगाह शरीफ के सभी गल्ले तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा, राजस्थान बोर्ड ऑफ़ मुस्लिम वक्फ जयपुर के प्रतिनिधी मौसिन गौड़, फैजान खाँ एवं कमेटी सदस्यो की उपस्थिति मे खोले गये। गणमान्य नागरिको एवं बैंक कार्मिको ने रकम की गणना की। गल्ला शरीफ व देग से कुल 43,18,345 रूपये अक्षरे तियालीस लाख अठ्ठारह हजार तीन सो पेतालीस रूपये प्राप्त हुवें जिन्हे बेंक मे जमा करा दिए।

बाबा हुजूर के शेदाई पाली के कचहरी वाले बाबा के गद्दी नशीन हुसैन छीपा व उनकी पुरी टीम की तरफ से नव गठीत वक्फ कमेटी के पदाधीकारीयो व सदस्यो को माला पहनाकर दस्तारबंदी की।

# अल्पसंख्यक विद्यार्थी छात्रावासों में प्रवेश के लिए 25 जुलाई तक करें आवेदन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अल्पसंख्यक मामलात विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा सवाई माधोपुर जिले में अल्पसंख्यक समुदायों मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध एवं ईसाई के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना ने बताया कि यह सुविधा कक्षा 9 से लेकर उच्चतर कक्षाओं (शैक्षणिक एवं व्यावसायिक) में नियमित रूप से अध्ययनरत बालक एवं बालिकाओं हेतु सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी मुख्यालय पर बालक छात्रावास एवं सवाई माधोपुर पर बालिका छात्रावास का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रावासों में सुसज्जित एवं सुविधायुक्त कमरे, पंखे, वॉटर कूलर, टेबल-कुर्सी, अलमारी, बिस्तर, निःशुल्क पौष्टिक नाश्ता एवं भोजन निजी उपयोग की सामग्री, स्कूल यूनिफार्म, जूते-मोजे हेतु स्टाईपण्ड 2250 रूपये इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। छात्रावासों का संचालन 1 अगस्त, 2025 से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जुलाई, 2025 तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सवाई माधोपुर में आवेदन कर सकते है। साथ ही छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र www.minority.rajasthan.gov.in से अथवा कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सवाई माधोपुर से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

# आयुर्वेद, होम्योपैथी व यूनानी चिकित्सा निदेशालय के एकीकरण का विरोध कर आयुष नीति में बदलाव की मांग- डॉ. कादिर हुसैन

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू/जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान राज्य आयुष नीति 2025 के अंतर्गत आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी निदेशालयों के एकीकरण के प्रस्ताव का विरोध एवं पृथक निदेशालयों की वर्तमान स्थिति बनाए रखने के संबंध में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई में विभागीय यूनानी चिकित्सा अधिकारी संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कादिर हुसैन के नेतृत्व में प्रदेश भर से आये हुए सैकड़ों यूनानी चिकित्सा अधिकारी व प्राइवेट यूनानी चिकित्सकों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है। डॉ. कादिर हुसैन ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत "राजस्थान राज्य आयुष नीति 2025" के प्रारूप में आयुर्वेद, यूनानी तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के पृथक निदेशालयों को एकीकृत कर एक एकल आयुष निदेशालय स्थापित करने का प्रस्ताव शामिल किया गया है। जबकि हम, इस नीति के इस प्रावधान का विरोध करते हैं क्योंकि.प्रत्येक पद्धति की विशिष्ट पहचान एवं कार्य प्रणाली होती है, जो कि उनके पृथक निदेशालयों के माध्यम से ही प्रभावी रूप से संचालित होती रही है। एकीकरण से प्रशासनिक जटिलता, नीतिगत असमानता एवं संवेदनशीलता में कमी आने की पूर्ण आशंका है। इससे संबंधित तीनों चिकित्सा पद्धतियों (आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी) के विकास, अनुसंधान एवं चिकित्सा सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। भारत सरकार के अधीन भी आयुष मंत्रालय में सभी पद्धतियों के लिए स्वतंत्र बोर्ड/विभागीय व्यवस्थाएँ हैं, जिससे उनका समुचित विकास संभव हो रहा है। डॉ. कादिर हुसैन ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा से निवेदन किया कि राजस्थान राज्य आयुष नीति 2025 में प्रस्तावित निदेशालयों के एकीकरण को निरस्त करते हुए वर्तमान पृथक निदेशालयों की व्यवस्था को यथावत रखा जाए, जिससे प्रत्येक पद्धति का स्वतंत्र विकास, अनुसंधान एवं जनसेवा सुनिश्चित की जा सके। डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने आश्वासन दिया है कि यूनानी चिकित्सा निदेशालय रहेगा। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत शर्मा राजभवन, डॉ. आदम सिसोदिया जोधपुर, डॉ. अब्दुल रऊफ सैफी दौसा, डॉ. पुनाराम गहलोत बाड़मेर, डॉ. साबीर खान जयपुर, डॉ. फरहत चौधरी, डॉ. शकील खोकर सीकर, डॉ. शाजिया जयपुर, डॉ. लियाकत अली भुट्टो, डॉ. नदीम अख़्तर झुंझुनूं, डॉ. नासिर हुसैन बारां, डॉ. अब्दुल रऊफ जैसलमेर, डॉ. मोहम्मद रौशन, डॉ. अब्दुल सत्तार पाली, डॉ. जहीरुल हसन, डॉ. जैनब, डॉ. अकरम आदि सैकड़ों यूनानी चिकित्सक उपस्थित रहे।

# पांच संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



चूरू, (रॉयल पत्रिका) । जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आई.पी.एस ने बताया कि 13 जलाई रविवार को महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज बीकानेर के आदेशानुसार एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान किशोरीलाल अति. पुलिस अधीक्षक, राजगढ व निश्चय प्रसाद एम आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ के निकट सुपरविजन में थाना राजगढ से टीमों का गठन कर अलग-अलग रवाना किये गये व निर्देशित किया गया की एरिया डोमिनेशन के दौरान एचएस, हार्डकोर, भगोडे स्थाईवारण्टी एव मुकदमातों मे वाछिंत मुलजिम व संदिग्ध व्यक्तियो के विरूध अधिक से अधिक कार्यवाही करें। जिस पर थाना स्तर पर गठित तीन टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 स्थाई वारण्टी व एक गिरफतारी वारण्टी को गिरफतार किया गया व 05 संदिग्ध व्यक्तियों के विरूध धारा 170 बीएनएसएस में कार्यवाही की गई। जिनके नाम है- संदिग्ध व्यक्ति राहुल पुत्र ईन्द्राज जाति नायक उम्र 23 साल निवासी कस्बा राजगढ, अनिल पुत्र सरजीत जाति सांसी उम्र 29 साल निवासी रोहिणी दिल्ली, रोहित राठौड पुत्र बाबुसिह राठौड उम्र 21 साल निवासी कस्बा राजगढ, रमेश पुत्र बागाराम जाति जाट उम्र 28 साल निवासी मुंसरी पुलिस थाना गोगामेडी जिला हनुमानगढ, सुशील पुत्र मानसिह जाति नायक उम्र 45 साल निवासी गांव बिसलान पीएस राजगढ जिला चूरू, स्थाई वारण्टी- मुमताज पुत्र मालुखां जाति मुस्लमान निवासी वार्ड न. 17 कस्बा राजगढ गिरफतारी वारण्टी- अब्दुल सतार पुत्र मालु खां जाति मुस्लमान निवासी वार्ड न. 17 कस्बा राजगढ के विरूद्ध की गई कार्यवाही।

# चूरु में सेवा भावना का प्रतीक: डॉ. एफ. एच. गौरी



चूरू,(रॉयल पत्रिका) । जहां डॉक्टर को सिर्फ पेशा समझा जाता है, वहीं डॉ. एफ. एच. गौरी इसे सेवा का माध्यम मानते हैं। शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों में शुमार डॉ एफ एच गोरी सीनियर फिजिशियन पूर्व पी एम ओ राजकीय जिला डीबी हॉस्पिटल चूरू न केवल अपने अनुभव और इलाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि गरीबों के प्रति उनकी संवेदनशीलता उन्हें खास बनाती है।डॉ. एफ. एच. गौरी उन चुनिंदा डॉक्टरों में हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बिना फीस लिए देखते हैं और यह भी खास बात है कि कई बार वह अपनी सीट से उठकर बाहर आकर मरीजों का हालचाल पूछते हैं। उनका यह हंसमुख व विनम्र स्वभाव हर मरीज के मन में विश्वास जगाता है। आप हर समाज में जाति धर्म से ऊपर उठकर सेवा भाव से मरीज को देखते हैं। समाज सेवा में आप का योगदान उल्लेखनीय रहा है। चाहे मेडिकल, पर्यावरण क्षेत्र, समाजसेवा , सामाजिक जागरूकता हो या किसी ज़रूरतमंद की मदद डॉ. गौरी हर समय आगे रहते हैं। बेहतर व्यक्तित्व के धनी और मधुर भाशी है।मरीजों के साथ उनका व्यवहार इतना सहज और अपनापन भरा होता है कि लोग उन्हें सिर्फ डॉक्टर नहीं, परिवार का सदस्य मानते हैं। डॉ. एफ. एच. गौरी वास्तव में उस सोच का प्रतीक हैं जहां डॉक्टर सिर्फ दवाएं नहीं, दुआएं भी कमाते हैं। इसीलिए कहा गया है। और मरीज के साथ आने वाला यही अल्फाज कहता है ।की ऊपर खुदा और जमीन पर डॉक्टर ही जान बचाने वाला है बाकी तो सब भगवान भरोसे है।



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

## लाइफ Style

# तृप्ति

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

एजेंसी ⏭ मुंबई

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।



## हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक'में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।



# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक



टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** *: मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** *: हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** *: कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉर्ड्स*** *: कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** *: अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉर्ड्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

# क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : खिताब पर चेल्सी का कब्जा, पीएसजी को 3-0 से दी मात



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहुंचे मुकाबला देखने

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया, जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं।




**विजेता टीम को मिली 11 अरब की इनाम राशि**

खिताब जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 11 अरब भारतीय रुपए की इनामी राशि भी मिली, जो कि क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप से 6 गुना से भी ज्यादा है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। ये अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है।

## चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने नहीं टिक पाया पीएसजी

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी। मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### अमुंडी एवियन चैंपियनशिप ग्रेस किम ने जीता खिताब

**ऐक्स-लेस-बेन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट हुआ अधिक दोस्ताना

**लंदन।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट अधिक दोस्ताना हो गया है और लॉर्ड्स टेस्ट में भारत और मेजबान टीम के बीच चल रही



कड़ी प्रतिस्पर्धा खेल के लिए अच्छी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच शाब्दिक जंग देखने को मिली लेकिन किसी तरह का तनाव पैदा नहीं हुआ और ट्रेस्कोथिक का मानना है कि यह खेल के लिए अच्छा है। ट्रेस्कोथिक ने कहा, 'प्रतिस्पर्धी बने रहने से निश्चित रूप से स्थिति में मदद मिलती है। इससे श्रृंखला का माहौल अच्छा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा ज़्यादा दोस्ताना हो गया है क्योंकि खिलाड़ी दुनिया भर में फ्रैंचाइजी टूर्नामेंटों में एक साथ खेलते हैं। कभी-कभी खेल में कुछ नया करना अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'दोनों टीमें खेल को लेकर जुनूनी हैं और उनके बीच माहौल गर्म होना स्वाभाविक है।

### हरिका-वैशाली प्री-क्वार्टर फाइनल में, वंतिका बाहर

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली ने सोमवार को यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के टाई-ब्रेकर में क्रमशः यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला और अमेरिका की कैरिसा यिप को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरिका ने टाई-ब्रेक गेम के दूसरे सेट में स्टावरौला की चुनौती को खत्म किया जबकि वैशाली ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यिप को पहले सेट में ही धराशाई कर दिया। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख पहले ही अंतिम 16 में पहुंच चुकी हैं, जिससे अंतिम 16 में चार भारतीय खिलाड़ी है। ग्रांडमास्टर वंतिका ग्रेवाल हालांकि रूस की कटेरीना लाग्नो से हारकर बाहर हो गईं। उन्होंने काफी जुझारूपन दिखाया लेकिन लाग्नो का अनुभव भारी पड़ा। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## 193 रन नहीं बना सकी टीम इंडिया, आर्चर-स्टोक्स को 3-3 विकेट

# जडेजा के नाबाद अर्धशतक के बावजूद 22 रन से हारा भारत, इंग्लैंड को 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| लंदन

रविंद्र जडेजा के नाबाद जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को यहां लाड्र्स में तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को यहां 22 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। स्पिनर शोएब बशीर (छह रन पर एक विकेट) ने मोहम्मद सिराज (04) को बोल्ड करके इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड के 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर (55 रन पर तीन विकेट), कप्तान बेन स्टोक्स (48 रन पर तीन विकेट) और ब्राइडन कार्स (30 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया। क्रिस वोक्स (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट चटकाया। आर्चर ने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ ही खेला था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 82 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन जडेजा (नाबाद 61 रन, 181 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने नितीश कुमार रेड्डी (13) के साथ आठवें विकेट के लिए 91 गेंद में 30, जसप्रीत बुमराह (05) के साथ नौवें विकेट के लिए 132 गेंद में 35 और सिराज के साथ अंतिम विकेट के लिए 80 गेंद में 23 रन की साझेदारी करके अप्रत्याशित जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। श्रृंखला का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था जिसके बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रन से अपने नाम करके श्रृंखला बराबर की थी।



### मैदान में जडेजा और कार्स की बीच तीखी बहस



*भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच के आखिरी दिन रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स के बीच मैदान पर टक्कर हो गई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बहस हो गई। बाद में इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा। ये घटना 35वें ओवर की आखिरी गेंद के बाद हुई। जडेजा ने एक शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। उसी समय कार्स भी गेंद की तरफ देख रहे थे और दोनों आपस में टकरा गए। कार्स को गुस्सा आ गया क्योंकि उनका संतुलन बिगड़ गया था। जडेजा को भी चोट लग सकती थी। दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद स्टोक्स ने बीच बचाव किया।*

### गिल ने द्रविड़ और कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 16 और 6 रन बनाए। इसी के साथ उनके एक सीरीज में 607 रन हो गए। इस मैच से पहले गिल ने चार पारियों में 585 रन बना लिए थे। अब वह इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2002 में छह पारियों में 602 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। अब गिल ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है।

### आईसीसी ने सिराज पर ठोका जुर्माना



लंदन। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लाड्र्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया।

## विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने कहा

# अल्काराज पर जीत ने विंबलडन खिताब को खास बना दिया



एजेंसी ▶▶| लंदन

यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज पर जीत ने इसे खास बना दिया है।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है।' सिनर इससे पहले अल्काराज के खिलाफ लगातार पांच मैच हार चुके थे और उनके लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले गए मैच से ज़्यादा निराशाजनक कुछ नहीं था। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त हासिल की, फिर तीन चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए लेकिन आखिर में पांच घंटे 29 मिनट तक चले मैच में पांच सेटों में हार गए। सिनर ने कहा, 'मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीज़ें मुझसे बेहतर कर रहा है।

### आरोन बने सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज कोच



**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे।

## जापान ओपन सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सात्विक-चिराग की निगाह खिताब सिंधू-लक्ष्य की फॉर्म में वापसी पर



एजेंसी ▶▶| टोकिया

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। उन्होंने पूरी तरह से फिट होने के बाद अच्छी वापसी की तथा सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी।

### लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला वांग झेंग जिंग से

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू 950,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य इस सत्र में कई बार पहले दौर में ही बाहर हो गए हैं। वर्तमान सत्र में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना रहा। सिंगापुर ओपन में लिन चुन-यी के खिलाफ पीठ की चोट के कारण रिटायर होने के बाद उन्होंने इंडोनेशिया में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ हार के दौरान वापसी की झलक दिखाई। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी अपने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग का सामना करेगा।

### सिंधू का इंडिया ओपन में रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विश्व में 16वीं रैंकिंग वाली सिंधू के लिए जनवरी में इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना 2025 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पूर्व विश्व चैंपियन इस साल चार बार पहले दौर और तीन बार दूसरे दौर से बाहर हो चुकी हैं। वह कोरिया की सिम यू जिन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। भारत के अन्य खिलाड़ियों में इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का सामना पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना हमवतन भारतीय रक्षिता रामराज से होगा।

## महिला विश्व कप : दिव्या हम्पी अंतिम-16 में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी, जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी. हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।



## एमएलसी ट्रॉफी : एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराया, खिताब किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶| डलास (अमेरिका)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती।

डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।




## वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने 181 रन की बढ़त हासिल की

# वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाए कंगारू

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे।

### खराब रही ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया।



### कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक

19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया।

### नहीं चल पाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

इससे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी नहीं चल पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 34 रन देकर तीन जबकि जोश हेज़लवुड तथा पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज़ अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 52 ओवर में ही आउट हो गया। वेस्टइंडीज की तरफ से जॉन कैम्पबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जबकि शाई होप (23) 20 रन की संख्या पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे।

# शहबाज और तुर्की के खलीफा के खिलाफ पलटवार की तैयारी!

## पाक की नाक के नीचे ग्रीस की नौसेना संग इंडियन नेवी का अभ्यास

*भारतीय नौसेना और हेलेनिक (ग्रीक) नेवी ने अरब सागर में मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास) आयोजित किया है, 10 जुलाई को यह अभ्यास किया गया*

**अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रीस की नौसेना (हेलेनिक नेवी) के फ्रिगेट पीएसएआरए और भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया है। 10 जुलाई को अरब सागर में किए गए इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना है। भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान ने अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। दूसरी ओर इसे भारत की ओर से तुर्की-पाकिस्तान गठजोड़ को जवाब देने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान के साथ मिलकर जल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश है। ऐसे में भारत ही सहयोगी देशों के साथ अभ्यास करते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार भारत के साथ अभ्यास उनकी नौसेना की अंतरराष्ट्रीय जल में लगातार मौजूदगी का हिस्सा है। इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हालिया वर्षों में पूर्वी भूमध्य सागर, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में भूराजनीतिक बदलावों के कारण ग्रीस-भारत का रिश्ता और महत्वपूर्ण हो गया है।

**खास बातें**

- दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे
- भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया था



**तालमेल बेहतर करने पर जोर**

ग्रीस और भारत के इस साझा अभ्यास के दौरान नौसेना संचार के साथ उन्नत युद्धाभ्यास किए गए। इससे दोनों नौसेनाओं की संचालन क्षमता का परीक्षण हुआ। ऐसे अभ्यासों का लक्ष्य वास्तविक परिस्थितियों में सामरिक सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही कमान और नियंत्रण प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढ़ाना है। भारत और ग्रीस का यह पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) है। पीएएसएसईएक्स मित्र देशों की नौसेनाओं के जहाज आसपास होने पर किया जाता है। भारत और ग्रीस के बीच संबंधों में 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रीस यात्रा के बाद बेहतरी आई है। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य संबंधों को मजबूत किया है।

**पाक पर भारत की नजर!**

भारत ने पाकिस्तान के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष के बाद ग्रीस, साइप्रस और इजराइल के साथ एक नई धुरी विकसित करने की कोशिश की है। यह पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के गठजोड़ की जवाबी कार्रवाई की तरह भी है। ग्रीस को भारत एक अहम भागीदार मानता है। ऐसे में हालिया समय में दोनों देशों के रक्षा संबंध बेहतर हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### चर्च में फायरिंग, दो महिलाओं की मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य के लेक्सिंग्टन के चर्च में फायरिंग में दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र 72 साल और 32 साल बताई जा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे की हालत स्थिर है। हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि अभी उसके परिवार को सूचना दी जानी बाकी है।

### सीरिया में दो गुटों में जंग, 30 की मौत



**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा इलाके में ड्रूज मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 100 घायल हुए हैं। झगड़े की शुरुआत अपहरण और लूट से हुई थी। स्थिति पर काबू पाने के लिए सीरियाई सेना को तैनात किया गया है। धार्मिक अल्पसंख्यक की मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने देश में अस्थिरता को उजागर किया है।

### गाजा में इजराइली हमलों में 30 मारे गए



**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में छह बच्चों सहित कम से कम 30 लोग मारे गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार युद्धविराम कराने के प्रयासों के बावजूद हुआ। इजराइली बंधकों को रिहा कराने के लिए जारी बातचीत में कोई सफलता मिलती नहीं दिख रही। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पिछले सप्ताह अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर चर्चा करने के लिए वाशिंगटन में थे, युद्धविराम के दौरान इजराइली सैनिकों की तैनाती को लेकर एक नया पेंच सामने आया है।

### एससीओ की बैठक से पहले चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ हुई बैठक में बोले विदेश मंत्री

# जटिल हालातों में पड़ोसी होने के नाते भारत-चीन के बीच संवाद महत्वपूर्णः जयशंकर

*दोनों देशों के बीच 2020 में शुरू हुए एलएसी विवाद के बाद पहली चीन यात्रा पर डॉ.एस. जयशंकर*

रॉयल पत्रिका

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और संघर्ष के चलते जटिल बने हुए हालातों के बीच सोमवार को चीन की राजधानी बीजिंग में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जयशंकर ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही भारत और चीन संबंधों को और अधिक सामान्य बनाने के लिए बतौर पड़ोसी देश और प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं होने का जिक्र करते हुए विचारों और दृष्टिकोण के खुले आदान-प्रदान की खासी अहमियत बताई। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों के लगातार सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम मिल सकते हैं। वर्ष 2020 के मध्य में दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद के बाद यह पहला मौका है। जब भारत के विदेश मंत्री चीन की यात्रा कर रहे हैं। जून-2020 में दोनों सेनाओं के बीच हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के बाद यह विवाद न केवल अपने चरम पर जा पहुंचा था। बल्कि भारत-चीन संबंध भी गर्त में जा पहुंचे थे। चीन इस वर्ष एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है और भारत ने उसे इसके सफल आयोजन के लिए अपना समर्थन प्रदान किया है। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर इस मुलाकात पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि 'उप-राष्ट्रपति झेंग के समक्ष चीन की एससीओ की अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। साथ ही ये विश्वास जताया कि मेरी इस यात्रा के दौरान होने वाली चर्चाएं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।

### सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगी चर्चाएं



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में रूस के कजान शहर में 23 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद लगातार सुधार हो रहा है। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में मेरी चर्चाएं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी। जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से हुई शुरुआत की भारत में बड़े पैमाने पर सराहना की जा रही है। संबंधों के लगातार सामान्य होने से पारस्परिक रूप से लाभकारी नतीजे निकल सकते हैं।

### आज एससीओ की बैठक में भाग लेंगे जयशंकर

अपनी मौजूदा विदेश यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण के तहत जयशंकर 14 जुलाई को चीन पहुंचे थे। मंगलवार को वह चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एससीओ की इस बैठक से इतर विदेश मंत्री की समूह देशों के विदेश मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की मौजूदगी भी देखने को मिलेगी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला मौका होगा। जब भारत-पाकिस्तान के विदेश मंत्री एससीओ के मंच पर एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच हालांकि किसी द्विपक्षीय बैठक की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। वहीं, चीन से पहले जयशंकर ने सिंगापुर का दौरा किया था और वहां पर सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री के साथ एक अहम मुलाकात में द्विपक्षीय आदान-प्रदान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया था।

### एक-दूसरे की सफलता में योगदान देंः झेंग

चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग ने बैठक में कहा, दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में हुई बैठक संबंधों की नई शुरुआत का एक नया पड़ाव साबित हुआ है। भारत और चीन दो बड़े विकासशील देश होने के अलावा वैश्विक दक्षिण के दो महत्वपूर्ण सदस्य भी हैं। इस लिहाज से दोनों देश भागीदार के रूप में अच्छी पसंद हैं और एक-दूसरे की सफलता में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी हुई सहमति से जुड़े तमाम बिंदुओं के भविष्य में क्रियान्वयन का आह्वान किया। जिसमें सहयोग को निरंतर बढावा देने, आपसी चिंताओं का सम्मान करने और संबंधों के सतत और स्थायी विकास पर जोर दिया।

### आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड

बता दें कि विदेश मंत्री से पहले पिछले जून महीने में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन की यात्रा थी और एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लिया था। इस दौरान राजनाथ ने भारत की तरफ से बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए। क्योंकि उसमें पाकिस्तान और चीन ने मिलकर पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया। जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए आतंकी हमले को दस्तावेज के शुरुआती प्रारूप में बढ़-चढ़कर शामिल किया गया। जिस पर रक्षा मंत्री ने कड़ी नाराजगी के साथ हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। साथ ही उन्होंने चीन और पाकिस्तान को साफ शब्दों में आईना दिखाते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, आयोजकों, प्रायोजकों और इसके वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में खड़ा करने की आवश्यकता है। कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और एससीओ को ऐसे देशों की आतंकवाद की इस बुराई की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

### फ्रांस को बड़ा झटका देने की तैयारी

## समय पर राफेल नहीं मिलने पर भारत पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने संकेत दिए हैं कि एक बड़ा फैसला लेते हुए राफेल लड़ाकू विमानों की संख्या आधा किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट की अंतरिम खरीद को लेकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। यानि भारत बहुत जल्द पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है।

भारत खुद के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है, लेकिन जब तक एएमसीए पूरा नहीं हो जाता, तब तक भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की संख्या में आए कमी को भरने के लिए भारत ने नये विमानों के अधिग्रहण का फैसला लिया है। लेकिन भारत सरकार का नया फैसला राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका साबित होने वाला है, इसकी मुख्य वजय समय पर डिलेवरी नहीं होना। जो भारत के मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट टेंडर के प्रमुख दावेदारों में से एक रही है।

**राफेल लड़ाकू विमान की संख्या होगी कम**

सूत्रों के मुताबिक अब इस खरीद को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। यानि 114 राफेल फाइटर जेट नहीं खरीदकर सरकार उसकी संख्या आधा घटा देगी। यानि करीब 60 राफेल एफ-4 जेट खरीदे जाएंगे और उतनी ही संख्या में 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट। इससे न सिर्फ भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता मजबूत होगी, बल्कि एएमसीए की सेवा में आने तक का अंतर भी पाटा जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक राफेल की संख्या घटाने को लेकर ज्यादातर अधिकारी तैयार हैं। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने पहले भारत में फुल-स्केल प्रोडक्शन लाइन लगाने के लिए कम से कम 100 यूनिट के ऑर्डर की मांग की थी। लेकिन अब जबकि सिर्फ 60 राफेल एफ जेट्स के ऑर्डर की संभावना जताई जा रही है, तो यह डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका है। इसके अलावा, डिफेंस मिनिस्ट्री की मांग ये भी है कि इन लड़ाकू विमानों के लिए आंशिक असेंबली का काम भारत में हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' पहल को बल मिले।

# कोर्ट बोला- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, केंद्र बोला- हमने बचाने की पूरी कोशिश की

*आज मौत की सजा दी जाएगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा। मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है।

**कोर्ट बोला- विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा?**



याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल" ने कोर्ट से अपील करते हुए कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा, हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा? मन में गृह युद्ध की वजह से भारत ने अपने नागरिकों को वहां से निकालने के लिए 'ऑपरेशन राहत' शुरू किया। यह ऑपरेशन अप्रैल-मई 2015 तक चला, जिसमें 4,600 भारतीयों और करीब एक हजार विदेशी नागरिकों को यमन से निकाला, लेकिन इनमें सिर्फ निमिषा ही भारत नहीं लौट पाईं। 2016 में महदी ने निमिषा के साथ शारीरिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसने निमिषा के क्लिनिक का प्रॉफिट भी हड़प लिया। जब निमिषा ने इस बारे में सवाल किया तो दोनों के रिश्ते खराब हो गए। महदी निमिषा को यमन से बाहर नहीं जाने देना चाहता था, इसलिए उसने निमिषा का पासपोर्ट अपने पास रख लिया।

### घंटों तक हुई पूछताछ

## पाकिस्तान में एयरलाइन की लापरवाही कराची की जगह यात्री को भेज दिया जेद्दा

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जहां एयरलाइन की गलती के चलते एक यात्री कराची के जगह सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया। यह हैरान करने वाला मामला सात जुलाई को सामने आया और इसमें लापरवाही का आरोप एयर सियाल नामक निजी एयरलाइन पर लगा है। मामला मलिक शाहजैन नाम के एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से जुड़ा है, जो ऑफिस के काम से लाहौर गए थे और अचानक अपने बीमार बेटे की खबर सुनकर उसी रात कराची लौटने वाले थे। शाहजैन ने पहले से कराची की टिकट बुक कर रखी थी और समय पर एयरपोर्ट भी पहुंच गए थे। शाहजैन का आरोप है कि एयर सियाल के स्टाफ ने बिना पूरी जांच किए उन्हें गलत गेट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान में बैठा दिया, जो जेद्दा जा रही थी। मैंने बोर्डिंग पास दिखाया, मुझे लाउंज और फिर फ्लाइट गेट की ओर भेज दिया गया। टरमैक पर दो विमान खड़े थे एक कराची जा रहा था और दूसरा जेद्दा। एयरलाइन स्टाफ ने बिना जांच के मुझे जेद्दा वाली फ्लाइट में बैठा दिया। शाहज़ैन ने बताया कि उन्हें तब शक हुआ जब उड़ान के दो घंटे बाद भी विमान ने लैंड नहीं किया। आखिरकार, वह जेद्दा पहुंचे, लेकिन उनका सामान कराची पहुंच चुका था।

# विकसित भारत के लिए एक विकसित गांव बनाएं: राज्य मंत्री पेम्मासानी चन्द्रशेखर

## केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण बेरोजगारी के खिलाफ एक सशक्त हथियार के रूप में काम कर रहा




दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'विकसित गांव' के निर्माण का आह्वान किया है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीण विकास मंत्रालय की कार्यनिष्पादन समीक्षा समिति की पहली बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एक 'विकसित गांव' वही होगा जहां हर परिवार के पास बुनियादी सुविधाओं वाला एक पक्का घर होगा, वह गुणवत्तापूर्ण सड़कों से जुड़ा होगा, हर ग्रामीण युवा के पास रोजगार के अवसर होंगे और हर महिला सशक्त और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी। यह कोई दूर का सपना नहीं बल्कि इसे प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए हमें नई ऊर्जा, नवीन सोच और गहरी प्रतिबद्धता के साथ काम करने की आवश्यकता है। पेम्मासानी ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में ग्रामीण विकास मंत्रालय की भूमिका पर ज़ोर देते हुए कहा कि हम केवल योजनाओं को लागू नहीं कर रहे हैं बल्कि भारत की विकास गाथा का अगला अध्याय लिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व में हमने ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। पेम्मासानी ने मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण बेरोजगारी और विशेष रूप से कृषि के कमज़ोर मौसम में होने वाले संकटपूर्ण पलायन के विरुद्ध एक हथियार के रूप में कार्य कर रही है। इसमें 90,000 से 1,00,000 करोड़ रुपये के वार्षिक निवेश के परिणामस्वरूप टिकाऊ और उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ है। प्रतिवर्ष 250 करोड़ से अधिक मानव-दिवस सृजित हुए हैं, 36 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड जारी किए गए हैं और 15 करोड़ से अधिक श्रमिक इसके लाभार्थी हुए हैं। पेम्मासानी ने वेतन भुगतान के बजाय सार्थक परिसंपत्ति निर्माण, विविध कार्यों को अपनाने और अन्य विकास योजनाओं के साथ उनके अभिसरण तथा कार्य चयन में सामुदायिक भागीदारी का सुझाव दिया है। पेम्मासानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) का उल्लेख करते हुए बताया कि इसकी शुरुआत से कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों के लिए 3.22 करोड़ से ज़्यादा पक्के घर बनाए जा चुके हैं और परिवार वृद्धि तथा ग्रामीण जनसंख्या विस्तार के कारण बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2029 तक 2 करोड़ अतिरिक्त घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय मंत्री ने पर्यावरण-अनुकूल और क्षेत्र-विशिष्ट निर्माण तकनीकों और लागत-प्रभावी आवास डिज़ाइनों के उपयोग को बढ़ावा देने का भी सुझाव दिया है। यह बताते हुए कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत अब तक 7.56 लाख किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। पेम्मासानी ने राज्यस्तरीय सड़क रखरखाव निधि की स्थापना, समुदाय आधारित निगरानी प्रणालियों के कार्यान्वयन और स्थिरता के लिए अभिनव वित्तपोषण मॉडल विकसित करने का सुझाव दिया है। मंत्री ने कहा कि डीएवाई-एनआरएलएम सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के एक शक्तिशाली साधन के रूप में उभरा है, जिसमें 10.05 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को 91 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में बनाया गया है और संचयी बैंक लिंकेज 11 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

### शोध में वैज्ञानिकों ने की डराने वाली भविष्यवाणी

# पृथ्वी के घूमने की रफ्तार तेज होने को वैज्ञानिकों ने किया कंफर्म आने वाले समय हमें 24 घंटे से कम दिन देखने को मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

धरती की अपनी धुरी पर घूमने की रफ्तार बढ़ रही है। धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा दिन का समय कम होने के तौर पर सामने आया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि आने वाले समय में हमें 24 घंटे से कम के दिन देखने को मिलेंगे।

वैज्ञानिकों ने इसी महीने 22 जुलाई और 5 अगस्त को दिन 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा होने की बात कही है। हालांकि दिन की घटी हुई अवधि को सिर्फ कुछ खास उपकरणों से ही मापा जा सकेगा। पृथ्वी के घूमने को लेकर सामान्य समझ रही है कि पृथ्वी 24 घंटे में सूर्य का चक्कर लगाती है। यह एक दिन की अवधि होती है। यह समय यानी एक दिन 24 घंटे का होता है। रिसर्च कहती है कि यह अवधि हमेशा स्थिर नहीं होती।

चंद्रमा और सूर्य की स्थिति समय के साथ इसमें बदलाव ला सकती है। यहां तक कि भूकंप और दूसरी भूगर्भीय घटनाएं भी पृथ्वी की घूर्णन गति को बदल सकती हैं। इसका दिन के समय पर असर होता है।

-धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा आया सामने

22 जुलाई, 5 अगस्त को 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा दिन होने की बात कही

### शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में किया खुलासा



बता दें, जब कोई पिंड चंद्रमा से टकराता है तो कई हिस्से टूटकर काफी तेज रफ्तार से अंतरिक्ष में निकल जाते हैं। हालांकि कभी कभी इन टुकड़ों का आकार बड़ा भी हो सकता है। हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक रॉबर्ट जेडिक ने स्पेस.कॉम की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह एक तरह का स्क्वायर डांस है, जहां साथी नियमित रूप से बदलते रहते हैं और कभी-कभी कुछ देर के लिए डांस फ्लोर छोड़ देते हैं।

**चंद्रमा से कैसे होता है चंद्रमा का जन्म?**

वैज्ञानिकों का अभी तक मानना रहा है कि मिनिमून्स का सोर्स शायद एस्ट्रॉएड बेल्ट (मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित) है, लेकिन हालिया खोजों से पता चला है कि इनमें से कई टुकड़े चांद से भी निकल सकते हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,